RNI. Reg. MPHIN/2009/35176.

इंदौर, भोपाल, उज्जैन, अलीराजपुर से एक साथ प्रकाशित

दैनिक
# विनय उजाला

वर्ष-16, अंक 58 | इंदौर, शुक्रवार ● 22 नवम्बर 2024 | मूल्य 2.00 रुपए, कुल पृष्ठ - 8

**सुविचार**

महत्वपूर्ण यह नहीं कि रावण विद्वान था,
महत्वपूर्ण यह है कि एक
विद्वान भी रावण हो सकता है।
- प्रशांत महंत

मेरा व्यवहार ही मेरी असली पहचान हैं,
वरना मेरे नाम के हजारों इंसान हैं।
- राजेश चौहान

अच्छे समय का अहंकार ही...
बुरे समय को निमंत्रण देता है...
- अनिता शास्त्री

### 'विद्यार्थियों हेतु भारत का संविधान' का लोकार्पण करेंगे कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल

**नई दिल्ली (हि.स.)।** लेखक एवं राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष किशोर मकवाना की पुस्तक 'विद्यार्थियों हेतु भारत का संविधान' का लोकार्पण 25 नवंबर को कॉन्स्टीट्यूशन क्लब में केन्द्रीय विधि एवं न्याय मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) व संसदीय कार्य राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल करेंगे। इस पुस्तक का एक ही उद्देश्य है 'स्कूल-कॉलेज के छात्र एवं किशोर-युवाओं को संविधान के प्रति जागृत करना। उल्लेखनीय है कि प्रभात प्रकाशन द्वारा प्रकाशित इस पुस्तक के लेखक राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष किशोर मकवाना हैं।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उज्जैन में किया 592.30 करोड़ की मेडिसिटी एवं चिकित्सा महाविद्यालय का किया भूमि-पूजन

# मध्यप्रदेश की पहली मेडिसिटी बनेगा उज्जैन

## प्रायवेट सेक्टर के साथ मिलकर उज्जैन में ही मेडिकल टूरिज्म भी होगा स्थापित

विनय उजाला

**उज्जैन/इंदौर, निप्र। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने मध्यप्रदेश के उज्जैन को मेडिसिटी एवं चिकित्सा महाविद्यालय की सौगात दी है। इसका गुरूवार को भूमि-पूजन किया गया। सिंहस्थ के पहले यह महत्वाकांक्षी प्राजेक्ट तैयार हो जायेगा। इस नवीन व्यवस्था से महाकाल की निगरानी में अब हर मर्ज का ईलाज होगा।**

स्वास्थ्य के क्षेत्र में उज्जैन की मेडिसिटी दुनियाभर में जानी जायेगी। उज्जैन में हाईटेक स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ मेडिकल डिवाईस पार्क भी विकसित होगा। एक ही परिसर में सारी सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से हाईराईज बिल्डिंग बनाई जाएगी तथा एक-एक इंच भूमि का उपयोग किया जायेगा। परिसर में ही चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टॉफ आदि के लिए आवासीय व्यवस्था रहेगी। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश गठन के बाद वर्ष 2003-04 तक प्रदेश में कुल 05 मेडिकल कॉलेज थे। आज प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में प्रदेश में 30 मेडिकल कॉलेज संचालित हो रहे हैं, जिनमें 17 सरकारी हैं और 13 निजी क्षेत्र के हैं। उन्होंने कहा कि सरकार और समाज सहकार के साथ व्यवस्थाएं बनाएंगे। अगले वर्ष 12 मेडिकल कॉलेज और तैयार हो रहे हैं। जिन चिकित्सालयों की क्षमता अधिक है वहां चिकित्सा शिक्षा की व्यवस्था करने की भी योजना है। प्रदेश में पहले चिकित्सा शिक्षा एवं लोक स्वास्थ्य अलग-अलग विभाग होते थे, जिन्हें अब एक कर दिया गया है। सरकार एक-एक पैसे का सदुपयोग कर आम जनता को सुविधाएं दे रही है।





### अयोध्या भेजी महाकाल की लड्डू प्रसादी

इससे पहले सीएम ने अयोध्या के लिए महाकाल मंदिर की लड्डू प्रसादी से भरे रथ को रवाना किया। उन्होंने कहा, धार्मिक आयोजन हो, हम कैसे पीछे रहें, महाकाल के प्रांगण से 1 लाख 11 हजार 111 लड्डू पहुंचाए जा रहे हैं। जनकपुर, नेपाल में आयोजित श्री राम-सीता विवाह उत्सव में आने वाले भक्तों को यह प्रसाद बांटा जाएगा। इससे पहले 22 जनवरी 2024 को भी अयोध्या में श्री रामलला की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर महाकाल मंदिर से 5 लाख लड्डु पहुंचाए गए थे।



### सीएम बोले- हर बीमारी का इलाज यहीं होगा

मेडिसिटी के भूमि पूजन कार्यक्रम में सीएम ने कहा, यह एकमात्र हमारा ऐसा प्रोजेक्ट्स है, जहां 13 मंजिल की हाईराइज बिल्डिंग्स बनेंगी। कम से कम जगह में ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं मिलेंगी। फैकल्टी का रेसिडेंशियल कैम्पस भी यहीं होगा। कोई भी चिकित्सा क्षेत्र की सर्जरी, बीमारी का इलाज यहीं होगा, कहीं जाने की जरूरत नहीं है।

### एमपी में अब 30 मेडिकल कॉलेज

55 साल पहले प्रदेश में 5 मेडिकल कॉलेज थे। अब 17 चल रहे हैं। 13 प्राइवेट मेडिकल कॉलेज भी हैं। इस हिसाब से 30 मेडिकल कॉलेज एमपी में हैं। पीपीपी मोड पर 12 मेडिकल कॉलेज और बन रहे हैं। 8 सरकारी मेडिकल कॉलेज निर्माणाधीन हैं। 5 आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज भी जल्द शुरू होंगे।

### डिप्टी सीएम ने की सीएम की तारीफ

मेडिसिटी और मेडिकल कॉलेज के भूमि पूजन कार्यक्रम में डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल ने कहा, डॉ. मोहन यादव को सीएम बने हुए एक साल भी पूरे नहीं हुए और उज्जैन को मेडिसिटी बनाया जा रहा है। प्रदेश में कई मेडिकल कॉलेज खुलने जा रहे हैं। इससे प्रदेश में एमबीबीएस की 8 से 10 हजार सीट बढ़ेंगी।

# भारत हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और समृद्धि के लिए अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था का पक्षधर : राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली (हि.स.)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को लाओ पीडीआर के वियनतियाने में 11वें आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक-प्लस फोरम को संबोधित किया।**

बैठक में राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और समृद्धि के लिए नौवहन और उड़ान की स्वतंत्रता, बिना बाधा के वैध वाणिज्य और अंतरराष्ट्रीय कानून के पालन का पक्षधर है। आचार संहिता पर चर्चाओं पर अपने विचार साझा करते हुए उन्होंने कहा कि भारत एक ऐसी संहिता देखना चाहेगा, जो उन देशों के वैध अधिकारों और हितों को नुकसान न पहुंचाए, जो इन विचार-विमर्शों में पक्ष नहीं हैं। उन्होंने कहा कि संहिता अंतरराष्ट्रीय कानून, विशेष रूप से संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून 1982 के साथ पूरी तरह से सुसंगत होनी चाहिए। अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के लिए चल रहे संघर्षों और चुनौतियों पर रक्षा मंत्री ने कहा कि यह भाग्य है कि 11वीं एडीएमएम-प्लस लाओ पीडीआर में आयोजित की जा रही है, जिसने अहिंसा और शांति के बौद्ध सिद्धांतों को आत्मसात किया है। उनका मानना था कि अब समय आ गया है कि शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के बौद्ध सिद्धांतों को सभी के द्वारा और अधिक निकटता से अपनाया जाए, क्योंकि दुनिया तेजी से ब्लॉकों और शिविरों में विभाजित हो रही है, जिससे स्थापित विश्व व्यवस्था पर तनाव बढ़ रहा है।

राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत हमेशा जटिल अंतरराष्ट्रीय मुद्दों के समाधान के लिए संवाद का पक्षधर रहा है और इसका अभ्यास भी किया है। खुले संवाद और शांतिपूर्ण बातचीत के प्रति यह प्रतिबद्धता सीमा विवादों से लेकर व्यापार समझौतों तक, अंतरराष्ट्रीय चुनौतियों की एक विस्तृत श्रृंखला के प्रति भारत के दृष्टिकोण में स्पष्ट है। उन्होंने कहा कि खुला संवाद विश्वास, समझ और सहयोग को बढ़ावा देता है तथा स्थायी साझेदारी की नींव रखता है। संवाद की शक्ति हमेशा प्रभावी साबित हुई है, जिसके ठोस परिणाम मिले हैं, जो वैश्विक मंच पर स्थिरता और सद्भाव में योगदान करते हैं। भारत का मानना है कि वैश्विक समस्याओं का वास्तविक, दीर्घकालिक समाधान तभी प्राप्त किया जा सकता है, जब राष्ट्र रचनात्मक रूप से जुड़ें, एक-दूसरे के दृष्टिकोण का सम्मान करें और सहयोग की भावना से साझा लक्ष्यों की दिशा में काम करें।

**संक्षिप्त समाचार**

### ट्रैक पर उतरने को तैयार है गोल्डन चैरियट लग्जरी ट्रेन, 7 स्टार होटल की सारी खूबियों से है लैस

**नई दिल्ली (हि.स.)।** भारतीय रेलवे और भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) की लग्जरी ट्रेनों में से एक गोल्डन चैरियट लग्जरी ट्रेन एक बार फिर ट्रैक पर उतरने को तैयार है। कर्नाटक की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाने वाली यह ट्रेन इस बार 14 दिसंबर को रवाना होगी। ट्रेन में 13 डबल बेड केबिन, 26 ट्विन बेड केबिन और दिव्यांग मेहमानों के लिए एक केबिन है। 40 केबिन वाली इस शाही ट्रेन में 80 यात्री सफर कर सकते हैं। इस ट्रेन में यात्रियों को शाही फील देने के लिए ट्रेन के सभी आलीशान केबिन एयर कंडीशनर और वाई-फाई से लैस हैं।

### तृणमूल ने की प्रधानमंत्री मोदी से अदाणी मुद्दे पर बयान की मांग

**कोलकाता (हि.स.)।** तृणमूल कांग्रेस ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अरबपति गौतम अदाणी के खिलाफ अमेरिका में लगे कथित रिश्वत और धोखाधड़ी के आरोपों पर बयान देने की मांग की है। अमेरिकी अभियोजकों ने अदाणी पर आरोप लगाया है कि उन्होंने सोलर पावर अनुबंधों में लाभकारी शर्तें हासिल करने के लिए भारतीय अधिकारियों को लगभग 2,200 करोड़ रुपये (265 मिलियन डॉलर) की रिश्वत दी। अदाणी, जो भारत के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति हैं, और उनके भतीजे सागर समेत सात अन्य लोगों पर आंध्र प्रदेश और ओडिशा राज्य सरकारों के अज्ञात अधिकारियों को महंगे सोलर पावर खरीदने के लिए रिश्वत देने का आरोप है।

**तीसरी आंख**




# विकसित भारत के सपने में अनाथ बच्चों का भविष्य होगा उज्जवल : सावित्री ठाकुर

**लखनऊ (हि.स.)। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा गुरुवार को लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में दत्तक ग्रहण जागरूकता माह-2024 के तहत फॉस्टर केयर और दत्तक ग्रहण के माध्यम से बड़े बच्चों का पुनर्वास विषय पर एक विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया गया।**

दत्तक ग्रहण जागरूकता माह कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के सपने में अनाथ बच्चों को उज्ज्वल भविष्य, अच्छी शिक्षा और बेहतर स्वास्थ्य मिले, इसके लिए समुचित व्यवस्था की गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 6 वर्ष से 18 वर्ष तक के अनाथ बच्चों को गोद लेने की प्रक्रिया को 2015 में ऑनलाइन कर आसान और पारदर्शी बना दिया गया है। केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण (कारा) अनाथ बच्चों का पालन पोषण तथा उनके बेहतर भविष्य के लिये कार्य कर रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कारा अनाथ बच्चों का पालन, पोषण व देखभाल बहुत अच्छी तरह से कर रहा है। कारा ने गोद लेने से संबंधित मुद्दों पर ध्यान आकर्षित करने के लिए अन्य कार्यक्रमों के साथ-साथ एक बड़े अभियान की योजना बनाई है, जिसमें उन बच्चों को गोद लेने पर जोर दिया जाएगा जो अधिक उम्र के हैं, जिनकी विशेष आवश्यकताएं हैं।

दत्तक ग्रहण जागरूकता माह एक वार्षिक कार्यक्रम है जहां कारा और उसके सभी हितधारक गोद लेने की कानूनी प्रक्रिया के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक साथ आते हैं। केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण (कारा), महिला एवं बाल विकास मंत्रालय देश में कानूनी गोद लेने को बढ़ावा देने के लिए नवंबर माह को राष्ट्रीय दत्तक ग्रहण जागरूकता माह के रूप में मनाता है। पिछले वर्षों की तरह, इस वर्ष का अभियान भी जागरूकता बढ़ाने के लिए दोनों रूपों ऑफ़लाइन और ऑनलाइन गतिविधियों में विभाजित है। लद्दाख, असम, मिजोरम, उत्तराखंड, अरुणाचल प्रदेश, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, गोवा, पश्चिम बंगाल और कई अन्य राज्यों द्वारा पालक देखभाल और दत्तक ग्रहण से सम्बन्धित जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजिन किया जा रहा है। कार्यक्रम में भावी दत्तक माता-पिता (पीएपी), दत्तक माता-पिता, वृद्ध दत्तक ग्रहणकर्ता और अन्य हितधारकों ने अपने विचार लोगों से साझा किये। गोद लेने, देखभाल पर अपने अनुभव और सुझाव भी साझा किये।

### देश के 82 युवा कलाकार उस्ताद बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कार से होंगे सम्मानित

**नई दिल्ली।** केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित एक विशेष समारोह में देशभर के 82 युवा कलाकारों को वर्ष 2022 और 2023 के लिए उस्ताद बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कार प्रदान करेंगे। पुरस्कार समारोह की अध्यक्षता संगीत नाटक अकादमी की अध्यक्ष डॉ. संध्या पुरेचा, संस्कृति मंत्रालय की संयुक्त सचिव उमा नंदूरी करेंगी। इस समारोह के बाद 22 से 26 नवंबर, 2024 तक उस्ताद बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कार विजेता तीन अलग-अलग स्थानों पर प्रदर्शन कला महोत्सवों में भाग लेंगे। जिसमें मेघदूत थिएटर कॉम्प्लेक्स, रवींद्र भवन, कॉपरनिकस मार्ग, नई दिल्ली; अभिमंच थिएटर, भावलपुर हाउस, नई दिल्ली और विवेकानंद ऑडिटोरियम, कथक केंद्र, चाणक्यपुरी शामिल हैं।

# मातृभाषा सीखने के बाद अंग्रेजी सीखनी चाहिए : वेंकैया नायडू

**हैदराबाद (हि.स.)। पूर्व उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने कहा कि मातृभाषा सीखने के बाद अंग्रेजी सीखनी चाहिए। उन्होंने हैदराबाद के शिल्पराम में चार दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कला प्रदर्शनी के हिस्से के रूप में प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।**

इस कार्यक्रम में राज्य मंत्री जुपल्ली कृष्णा राव ने शामिल रहे। लोकमंथन अंतरराष्ट्रीय कला प्रदर्शनी का राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु कल उद्घाटन करेंगी। इस दौरान वेंकैया नायडू ने कहा कि भाग्यनगर में लोकमंथन कार्यक्रम के आयोजन को देखकर उन्हें बहुत खुशी हो रही है। भारतीय सांस्कृतिक विरासत की प्रशंसा करते हुए। उन्होंने कहा कि हम अपनी जड़ों की ओर वापस जाना चाहते हैं। हम अपनी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि हमें अपनी कला, संस्कृति और वाद्ययंत्रों की रक्षा करनी चाहिए।

पूर्व उपराष्ट्रपति नायडू ने कहा कि इस कार्यक्रम का मूल विचार भारतीयों के दिमाग से उपनिवेशवाद को खत्म करना और भारतीय बौद्धिक विमर्श, संस्कृति, विरासत, संगीत और नृत्य के प्रति गर्व और प्रतिबद्धता की भावना को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा, यही इस कार्यक्रम का उद्देश्य है। कार्यक्रम के पीछे एक महान विचार है। उन्होंने खेद व्यक्त करते हुए कहा कि हम अपनी संस्कृति, अपनी भाषा और अपनी परंपराओं को भूल गये हैं। हम प्रकृति और हिंदू धर्म से प्रेम करने वाला एक पवित्र राष्ट्र हैं। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों ने न सिर्फ हमें आर्थिक रूप से लूटा है, बल्कि हमारा मानसिक रूप से भी लूटा है। उन्होंने कहा कि भगवान के पूजा पाठ और आराधना में विदेशी भाषा अंग्रेजी में आने की कोई शर्त नहीं है। उन्होंने कहा कि हमें गर्व से कहना चाहिए कि हम भारतीय हैं, हम हिंदू हैं। अंग्रेजी का जुनून और उस भाषा पर झुकाव अच्छा नहीं है। उन्होंने कहा कि शिक्षा नीति में प्रावधान होना चाहिए कि मातृभाषा सीखने के बाद अंग्रेजी सीखना उचित रहेगा। उन्होंने खेद प्रकट किया कि विदेशी और पाश्चात्य संस्कृति के असर से परिवार और शादियां टूट रही हैं। परिवार व्यवस्था को मजबूत करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि योग को भारत से बाहर कई देशों में अपनाया गया है। योग के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हर प्रयास किए हैं। योग से मानसिक शांति और संपूर्ण स्वास्थ्य को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने कहा कि यदि आपके मन में शांति है तो आप वांछित परिणाम प्राप्त कर सकते हैं।

# वर्तमान परिस्थितियों में सबसे पावरफुल मंत्र लोकतंत्र प्रथम मानवता प्रथम : प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को गुयाना की संसद के विशेष सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में सबसे पावरफुल मंत्र लोकतंत्र प्रथम, मानवता प्रथम है।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज गुयाना में एक सांसद के विशेष सत्र को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि लोकतंत्र प्रथम, मानवता प्रथम की भावना पर चलते हुए आज भारत विश्व बंधु के रूप में विश्व के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहा है। विश्व स्तर पर कोई समस्या उत्पन्न होने पर भारत सबसे पहले मदद का हाथ बढ़ाता है। कोविड-19 के दौरान भारत ने 150 से अधिक देशों के साथ दवाइयां और वैक्सीन साझा कीं। उन्होंने कहा कि दुनिया के लिए यह समय संघर्ष का नहीं, बल्कि संघर्ष पैदा करने वाली परिस्थितियों को पहचानने और उनको दूर करने का है। आज टेररिज्म, ड्रग्स, साइबर क्राइम... ऐसी कितनी भी चुनौतियां हैं जिनसे मुकाबला करके ही हम अपनी आने वाली पीढ़ियों का भविष्य संवार पाएंगे। उन्होंने कहा कि हम कभी भी विस्तारवाद की भावना से आगे नहीं बढ़े। हम संसाधनों पर कब्जे की भावना से हमेशा दूर रहे हैं। आज भारत हर तरह से वैश्विक विकास, शांति के पक्ष में खड़ा है। इसी भावना के साथ आज भारत ग्लोबल साउथ की भी आवाज बना है। उन्होंने कहा कि भारत और गुयाना दोनों ही विकास की आकांक्षा रखते हैं। हम अपने लोगों को बेहतर जीवन प्रदान करने के सपने देखते हैं।

### विक्रम उद्योगपुरी को मिला सबसे स्वच्छ औद्योगिक पार्क का प्रतिष्ठित अवार्ड

# उज्जैन बना औद्योगिक स्वच्छता का राष्ट्रीय उदाहरण

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। उज्जैन जिले को एक और बड़ी उपलब्धि मिली है। उज्जैन-देवास रोड स्थित विक्रम उद्योगपुरी को सबसे स्वच्छ औद्योगिक पार्क घोषित किया गया है। यह उपलब्धि मुख्यमंत्री, डॉ. मोहन यादव के प्रभावी नेतृत्व का परिणाम है।**

उनके नेतृत्व में उज्जैन न केवल सांस्कृतिक धार्मिक नगरी के रूप में अलग पहचान बना रहा है, बल्कि औद्योगिक एवं पर्यावरण विकास में भी राष्ट्रीय पहचान बना रहा है। विक्रम उद्योगपुरी को मिला यह सम्मान न केवल मध्यप्रदेश के लिए गर्व का क्षण बना, बल्कि उसकी सफलता और स्वच्छता की कहानी पूरे देश में एक मिसाल बन गई है, जिसे अब अन्य औद्योगिक पार्कों के लिए आदर्श माना जाएगा। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल द्वारा यह प्रतिष्ठित अवार्ड, 21 नवंबर को दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित एक भव्य समारोह में प्रदान किया गया। मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम (एमपीआईडीसी) के कार्यकारी निदेशक, श्री राजेश राठौड़ ने यह अवार्ड प्राप्त किया। इस समारोह में कुल 15 औद्योगिक पार्कों को स्वच्छता के लिए सम्मानित किया गया था।

### केन्दीय मंत्री गोयल ने दिल्ली के भारत मंडपम में किया सम्मानित



### अवार्ड के लिए आई थीं 140 प्रविष्टियाँ

प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत अभियान के तहत स्वच्छ औद्योगिक पार्क अभियान में देश भर के 18 राज्यों के औद्योगिक विकास निगमों से पंजीकरण कराने वाले 140 औद्योगिक पार्कों में से विक्रम उद्योगपुरी को सबसे स्वच्छ औद्योगिक पार्क के तौर पर चुना गया। औद्योगिक पार्कों की स्क्रीनिंग और मूल्यांकन का कार्य फिक्की और पीडब्ल्यूसी की विशेषज्ञ टीम द्वारा किया गया था। इसके बाद, साइट निरीक्षण के आधार पर विक्रम उद्योगपुरी को सर्वोच्च रैंक प्राप्त हुआ।

### उज्जैन को औद्योगिक हब बनाने का सपना

उज्जैन को औद्योगिक हब बनाने के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। उज्जैन में औद्योगिक विकास के लिए अपार संभावनाओं को देखते हुए मुख्यमंत्री ने कई उद्योगपतियों से संपर्क कर विक्रम उद्योगपुरी में निवेश के लिए प्रेरित किया है। यहां अमूल, पेप्सिको इंडिया, और एमडीएच जैसी बड़ी कंपनियों ने पहले ही निवेश किया है। इसके तहत अब तक 15060 रोजगार सृजित किए जा चुके हैं, और यह संख्या लगातार बढ़ रही है। अब उज्जैन न केवल प्रदेश बल्कि राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहा है।

### विक्रम उद्योगपुरी की विशेषताएँ

विक्रम उद्योगपुरी ने स्वच्छता और पर्यावरणीय स्थिरता के क्षेत्र में कई उल्लेखनीय पहल की हैं। यह पार्क 1133 एकड़ में फैला हुआ है और इसे डीएमआईसी के तहत आधुनिक सुविधाओं के साथ विकसित किया गया है। यहां 5198 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश हुआ है, जिससे 15 हजार से अधिक रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं। विक्रम उद्योगपुरी में मेडिकल डिवाइस पार्क भी विकसित किया जा रहा है, जो 360 एकड़ क्षेत्र में फैला है। इस पार्क में 1855 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले हैं और इससे 6900 से अधिक रोजगार सृजित होंगे। यह पार्क स्वास्थ्य और नवाचार के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देगा। पार्क में आधुनिक जल प्रबंधन प्रणाली, हरित क्षेत्र, और ऊर्जा-कुशल संरचनाओं का निर्माण किया गया है। यहां के उद्योगों ने अपशिष्ट प्रबंधन के लिए अत्याधुनिक रीसाइक्लिंग सिस्टम स्थापित किए हैं, जो पर्यावरण-संरक्षण में योगदान दे रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### निसरपुर में तीन दिवसीय कराटे प्रशिक्षण शिविर का आयोजन





**निसरपुर, निप्र।** नेहरू पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल निसरपुर में तीन दिवसीय कराटे प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं को आत्मरक्षा सम्बन्धी कराटे प्रशिक्षण दिया गया। धार से आए कराटे कोच जितेंद्र वर्मा ने बताया मिशन ऑन द स्पॉट के तथा स्कूलों में कराटे का प्रशिक्षण विशेष रूप से बालिकाओं के लिए हम आयोजित कर रहे हैं जिसमे लड़कियो को आत्मरक्षा के कई गुण सीखा रहे हैं । हमारा मिशन है बच्चों को आत्मरक्षक बनाएं। एवीएन राष्ट्रीय - अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में स्कूल एवं राज्य का प्रतिनिधित्व करवाएं। कराटे प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर आज बच्चों को पत्रकार संघ निसरपुर ब्लॉक से मोहम्मदजी बोहरा , आशुतोषजी सेन , समाजसेवी ओमप्रकाशजी कामदार , संस्था संचालक सुनील पाटीदार द्वारा गोल्ड मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सह संचालक हार्दिक पाटीदार , प्रधानाध्यापिका नेहा पाटीदार , व्यवस्थापक सावन पाटीदार एवं समस्त स्टाफ का सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन अवधेश सवनेर सर ने किया। विद्यालय की हेड गर्ल तनवी पाटीदार ने सभी अतिथियों एवं प्रशिक्षक का आभार व्यक्त किया।

### गीता जयंती के आयोजन को लेकर बैठक हुई सम्पन्न



**पेटलावद, निप्र।** आगामी 11 दिसम्बर 2024 शुक्लपक्ष की एकादशी को गीता जयंती का आयोजन बड़े धूमधाम से कीये जाने हेतु। गायत्री माताजी मन्दिर पर एक बेठक का अयोजन संस्क्रत भारती के मोहन जी डामर की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। उल्लेखनिय है कि गीता जयंती का पर्व भारतिय संस्क्रति ओर परम्परा अनुसार प्रतिवर्ष मनाया जाता है। उक्त बेठक में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, शिक्षक, कृषकों ओर मन्दिर के पुजारी ने सहभागिता की। बेठक में आयोजन सारंगी क्षेत्र में किये जाने हेतु सहमति बनी। अयोजन कि तेयारी के लिए समित्ति का गठन करते हुए दायित्व भी सोपे गए। उक्त आयोजन्न को लगातार बुधवार ओर गुरुवार को बेठक का दौर भी निरंतर चलता रहेगा। आयोजन को व्यापक और बड़े स्तर पर बनाने और सहयोग के लिये आयोजनकर्तागण ने समस्त सनातनी समाज से सहयोग के लिये अपील भी की है।

### कलेक्टर ने 23 को उदगढ़ में आयोजित होने वाले मेगा हेल्थ कैम्प की तैयारियों का जायजा लिया



**अलीराजपुर, निप्र।** कलेक्टर डॉ अभय अरविंद बेडेकर ने जोबट ब्लॉक के उदयगढ़ स्थित शासकीय कन्या उच्चतर परिसर का निरीक्षण कर 23 नवंबर 2024 को आयोजित होने मेगा हेल्थ कैंप की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने ट्रैफिक मैनेजमेंट की व्यवस्था का जायजा लिया एवं निर्देशित किया कि आने वाली बसों के आवागमन के लिए पर्याप्त व्यवस्था की जाए। इसके पश्चात उन्होंने हितग्राहियों की जांच एवं उनको दवाई वितरण के लिए बनाए जा रहे स्टाल केंद्रों का भी निरीक्षण किया ।उन्होंने निर्देशित किया कि दवाई वितरण केंद्रों पर पर्याप्त डॉक्टर एवं अन्य पैरामेडिकल स्टाफ की मौजूदगी रहे ताकि ग्रामीणों को आसानी से दवाइयां मिल सके। कलेक्टर डॉ बेडेकर ने कहा कि इस कैंप में इंदौर संभाग के विशेषज्ञ उपचार एवं जांच के लिए मौजूद रहेंगे, उनके द्वारा जिले के नागरिकों, बालक बालिकाओं की जांच की जाएगी। इस दौरान कलेक्टर डॉ बेडेकर ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि यहां आने वाले 70 वर्ष से अधिक बुजुर्ग व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए एक स्थान निश्चित किया जाए कोई भी बुजुर्ग आयुष्मान कार्ड से वंचित न रहें सभी पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनवाए जाए। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री अर्थ जैन, ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी श्री विजय बघेल, तहसीलदार श्री सुनील राणा सहित संबंधित विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### जिले मे चल रहा है राजस्व अभियान 3.0 के तहत प्रकरणों के निराकरण का कार्य किया जा रहा है

**अलीराजपुर, निप्र।** कलेक्टर डॉ अभय अरविंद बेडेकर ने बताया कि जिले में 15 नवम्बर 2024 से राजस्व महाभियान 3.0 संचालित किया जा रहा है इस अभियान के अंतर्गत राजस्व विभाग से संबंधित प्रकरणों का निराकरण किया जा रहा है। इस अभियान में मुख्यत:- नामांकन, बटनाकन, नामांतरण, बटवारा, अभिलेख दुरुस्ती, इ केवाईसी, फार्मर के प्रकरण प्रमुखता से निराकृत किए जा रहे है। इसी कड़ी में कलेक्टर डॉ बेडेकर के निर्देशानुसार ग्राम भोरदू, अलीराजपुर में किए जा रहे खसरा आधार केव्यासी और फार्मर रजिस्ट्री के कार्य का औचक निरीक्षण प्रभारी अधिकारी भू अभिलेख एवं संयुक्त कलेक्टर सुश्री प्रियांशी भंवर और डिप्टी कलेक्टर सुश्री निधि मिश्रा द्वारा किया गया। जिले में इसी प्रकार सभी राजस्व अधिकारी अपने अपने कार्यक्षेत्र में राजस्व के प्रकरणों के संबंध में निरीक्षण एवं आवश्यक कार्यवाही के कार्य कर रहे है।

# जिला निवेशक सम्मेलन एवं निवेश प्रोत्साहन केन्द्र के माध्यम से नए उद्यमियों को किया जा रहा प्रेरित : कलेक्टर डॉ. बेडेकर

विनय उजाला

**अलीराजपुर, निप्र। कलेक्टर डॉ बेडेकर ने कहा कि इस प्रकार का प्रयास जिला प्रशासन जिला निवेशक सम्मेलन, निवेश प्रोत्साहन केंद्र के माध्यम से कर रहा है ताकि जिले में अधिक संख्या में अन्य उद्यमी भी अपने नये उद्योग प्रारंभ कर सकें।**

जिला प्रशासन शासन द्वारा प्रदत्त की जा रही सभी योजनाओं को सिंगल विंडो के द्वारा उद्यमियों को प्रदान करने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि जिले की पलायन संबंधी समस्या का निवारण करने के लिए यह अत्यधिक आवश्यक है कि जिले के उद्यमी युवा जिनके अंदर अपना खुद का उद्योग स्थापित करने का हुनर एवं जुनून है उनको अधिक से अधिक उद्यम खोलने में मदद करने से ही संभव है। साथ ही कलेक्टर डॉ बेडेकर ने बताया कि जिस प्रकार इस जिनिंग फैक्ट्री के माध्यम से जिले के 80 नागरिकों को रोजगार प्राप्त हो रहा है। वैसे ही जब जिले के युवाओं को जिले के अंदर और अधिक रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे तो पलायन रुकेगा और इसी से जिला सही मायने में प्रगति के पथ पर आगे बढ़ेगा। कलेक्टर डॉ बेडेकर ने कहा कि यह कार्य जिला प्रशासन अकेले नहीं कर सकता इसके लिए समाज के प्रत्येक अवयव को इसमें सहभागिता करनी होगी। उन्होंने कहा कि राज्य शासन द्वारा प्रदेश के दूरस्थ अंचल के विकास के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही है। उन्होंने फैक्ट्री संचालक को भी निर्देशित कर कहा कि श्रमिकों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त व्यवस्था करें। कलेक्टर डॉ बेडेकर एवं जनप्रतिनिधि परवाल ने फैक्ट्री परिसर में स्थापित द चेंज मेकर चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा जिले में जैविक पदार्थों के उपयोग को बढावा देने के लिए जोबट महिला किसान एफपीसी द्वारा निर्मित पांच पत्ती काढा एवं सोया टॉनिक के बारे में जानकारी प्राप्त की साथ ही चैरिटेबल संस्था द्वारा जिले में 300 एकड़ क्षेत्र में उगाई जा रही चिया फसल एवं गेंदा फूल की फसल से होने वाली अतिरिक्त आय के बारे में समझा। उन्होंने कहा कि रासायनिक खाद एवं कीटनाशक के अनुप्रयोग को सीमित करने के लिए यह एक अच्छी पहल है। इस दौरान पूर्व विधायक माधो सिंह डावर, राकेश अग्रवाल, तहसीलदार सुनील राणा, सहित अन्य आमजन उपस्थित थे।





### जिले में उद्यम को प्रोत्साहित करने के लिए कलेक्टर डॉ बेडेकर ने किया कॉटन जिनिंग केंद्र का भ्रमण

कलेक्टर डॉ अभय अरविंद बेडेकर द्वारा युवा उद्यमी को प्रोत्साहित करने के लिए जोबट स्थित अग्रवाल कॉटन जिनिंग मिल का भ्रमण किया गया। इस दौरान जिनिंग मिल के प्रोपराइटर श्री नितेश अग्रवाल ने कलेक्टर डॉ बेडेकर एवं जनप्रतिनिधि श्री मकु परवाल का पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। कलेक्टर डॉ बेडेकर ने कॉटन जिनिंग मशीन का वार्षिक शुभारंभ किया। इसके पश्चात उन्होंने कपास की गांठ के प्रोसेसिंग की प्रक्रिया को देखा इस दौरान उन्होंने इस प्रक्रिया से प्राप्त होने वाले अंतिम उत्पाद के उपयोग के बारे मे जाना साथ ही सह उत्पाद से कपास तेल एवं कपास खली बनाने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर डॉ बेडेकर ने इस फैक्ट्री मे कार्यरत श्रमिकों से भी बातचीत की उनसे कार्य में आने वाली परेशानियों तथा प्राप्त होने वाली आय बारे में जाना।

### कार्य में लापरवाही के कारण हॉस्टल अधीक्षक पद से मूल पदस्थ पद पर कार्यमुक्त किया

**अलीराजपुर, निप्र।** संयुक्त कलेक्टर एवं जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केंद्र अलीराजपुर वीरेंद्र सिंह बघेल ने बताया कि जोबट ब्लॉक के नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालिका छात्रावास उमरी की हॉस्टल अधीक्षक श्रीमती मीना चौहान के विरुद्ध जांच हेतु गठित जांच दल के प्रतिवेदन अनुसार हॉस्टल अधीक्षक श्रीमती चौहान के द्वारा अपने कार्य में समय न देने और लापरवाही परिलक्षित होती है। इस आधार पर श्रीमती मीना चौहान को अधीक्षक पद से मूल पदस्थ शासकीय धवलानीय फलिया जामनी की ओर कार्यमुक्त किया जाता है। उन्होंने कहा कि कलेक्टर डॉ अभय अरविंद बेडेकर के निर्देशानुसार श्रीमती मीना चौहान के विरुद्ध शेष जांच पृथक रूप से जारी रहेगी।

### कलेक्टर के निर्देशानुसार महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनवाडी केंद्रों और परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग को

# भोजन की गुणवत्ता, मात्रा, स्वच्छता एवं निर्धारित मीनू अनुसार ही प्रदाय किया जाने के निर्देश जारी

अशोक बलसोरा

**झाबुआ।** गोपालपुरा ग्राम की वसुनिया फलिया की आंगनवाड़ी केंद्र पर विशेष मंगल के कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी के 14 बच्चों की खीर पूड़ी खाने के पश्चात सभी बच्चे बीमार हुए। कलेक्टर नेहा मीना द्वारा घटना के संज्ञान में आने पर तत्काल संबंधित विभाग को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए थे।

इस संबंध में परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग झाबुआ द्वारा कार्य के प्रति लापरवाही के फलस्वरूप संबंधित मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती जेतरु भूरिया मिनी आंगनवाड़ी केंद्र वसुनिया फलिया ग्राम गोपालपुरा को आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के पद से पृथक कर सेवा समाप्त की गई तथा संबंधित आंगनवाड़ी केंद्र के महिला बचत समूह को ग्राम गोपालपुरा की चारों आंगनवाड़ी केंद्रों से नाश्ता भोजन वितरण अनुबंध समाप्त किया गया। कलेक्टर नेहा मीना द्वारा भविष्य में इस प्रकार की घटना ना हो इसलिए सम्बंधित अधिकारी को सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सीडीपीओ एवं स्व सहायता समूह को निर्देश जारी किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। इस सम्बंध में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिले में संचालित स्व सहायता समूह को सांझा चुल्हा अन्तर्गत आंगनवाडी केन्द्र को एवं परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग को निर्देश दिये गए।

#### परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग को निर्देश दिये गए

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा समस्त परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग को म.प्र. शासन महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्रालय भोपाल के निर्देशानुसार समस्त आंगनवाडी/ उप आंगनवाडी केन्द्रों में 03 वर्ष से 06 वर्ष के बच्चों को पूरक पोषण आहार में सुबह नाश्ता तथा दोपहर में भोजन दिया जाना। प्रत्येक आंगनवाडी/ उप आंगनवाडी केन्द्र पर सामान्यत: सुबह का नाश्ता एवं दोपहर के भोजन का सांकेतिक मेनु अनुसार एवं उल्लेखित रैसिपी अनुसार ही होगा। साथ ही यह ध्यान रखा जाए कि दोपहर के भोजन के मेंनु अनुसार तैयार रैसिपीज में छोटे बच्चों को दिए जाने वाले भोजन के अनुरूप मिर्च मसाले की मात्रा इन बच्चों की आयु के अनुसार ही उपयोग की जाए। भोजन की गुणवत्ता स्वच्छता एवं सुपाच्यता का विशेष ध्यान रखा जाए। 03 वर्ष से 06 वर्ष के बच्चों को प्रतिदिन थर्ड मील अपरान्ह 3.30 से 4.00 बजे के मध्य दिया जाये। यह थर्ड मील बच्चों को टिफिन के रूप में भी दिया जा सकता है।

#### स्व सहायता समूह को सांझा चुल्हा अन्तर्गत आंगनवाडी केन्द्र को निर्देश दिये गए

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिले में संचालित स्व सहायता समूह को सांझा चुल्हा अन्तर्गत आंगनवाडी केन्द्र पर शासन निर्देशानुसार प्रदाय किये जाने वाले नाश्ता एवं भोजन की गुणवत्ता, मात्रा, स्वच्छता एवं निर्धारित मीनू अनुसार ही प्रदाय किया जाने के निर्देश दिए। साथ ही निर्धारित समय पर पृथक पृथक नाश्ता एवं भोजन आंगनवाडी केन्द्र पर पहुँचाना सुनिश्चित करें। शासन के निर्देश के पालन में अनियमितता पाई जाने पर गंभीर लापरवाही मानते हुये आंगनवाडी केन्द्र से संबंधित समूह का आनुबंध तत्काल प्रभाव से निरस्त किये जाने की कार्यवाही की जावेंगी।

अत: समस्त परियोजना अधिकारीयों को निर्देशित किया गया है कि समस्त आंगनवाडी केन्द्री/उप आंगनवाड़ी केन्द्र में 03 वर्ष से 06 वर्ष तक के बच्चों को 9 बजे से 10 बजे तक सुबह का नाश्ता, दोपहर 12 बजे से 1 बजे तक भोजन, थर्ड मील प्रतिदिन बच्चों को अपरान्ह 3.30 से 4.00 बजे के मध्य दिया जाये। उपरोक्तानुसार निर्देशो का पालन सांझा चुल्हा अंन्तर्गत अनुबंधित स्व सहायता समूह से करवाना सुनिश्चित करे। निर्देशो के पालन में अनियमितता पाये जाने पर गंभीर लापरवाही मानते हुये संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी।

## ग्राम पंचायत काटी के ग्रामीण विद्युत व्यवस्था से परेशान

विनय उजाला



**बाग, निप्र।** ग्राम पंचायत काटी के किसानों ने विद्युत समस्या को लेकर बताया की हमारे गांव में विगत पांच से छ: दिन से लाईट नहीं है। हम विधूत व्यवस्था से परेशान है। जिसका हमारे द्वारा प्रतिमाह का बिजली बील भी भरा जाता हे उसकै बावजुद अंधेरे में रहने को हम मजबुर है आखिर हमे किस चिज़ की सजा मील रही हे 24 घंटे की लाईट हमारे यहां हे नहीं। उसके बाद भी टेम्प्रेरी कनेक्शन की राशि भरने के लिए बोल रहे है।

ग्राम पंचायत काटी के सरपंच कलमसिह मंडलोई, बायसिह पटेल, शहाबत अलावा, बिलामसिह मंडलोई, कालूसिह मंडलोई, दिनेश अखाड़िया, थानसिह अखाड़िया, बालम मछार, महेश अखाडिया, गोपाल बुंदड़िया आदि ने बताया की हम हमारी खेती इंजन के माध्यम से कर रहे हे यहां से वहां तक कोई डीपी वगेहरा नहीं हे कहा से मोटरें चलाए जब लाईट ही नहीं हे तो टेम्प्रेरी लाइट के 7500 रुपये जमा करने का विभाग द्वारा बोला जा रहा हे। लाइट की समस्या गांव यहां हमेशा बनी रहती है हमारी यही मांग हे इस समस्या का समाधान कीमा जाए ताकी कम से कम हमारे घरों में तो व्यवस्थित लाईट मीले रात बिरात बड़ी परेशानी होती है। मोबाईल चार्ज करवाने हमें यहां से दुर जाना पड़ता हे ओर भी बहुत सारी समस्या है।

#### क्या बोले अधिकारी

इधर विद्युत विभाग के अधिकारी का कहना हे की किसी कारण वंश विधूत सप्लाई बंद था तीन दीन से जिसे व्यवस्थित कर सप्लाई चालू कर दीया है। रही बात टेम्प्रेरी कनेक्शन की तो उसकी राशि जमा करेंगे तभी तो कनेक्शन दे पाएगे ओर उसी से मांग रहे हैं जिसने कनेक्शन ले रखे हैं ओर मोके पर जाकर व्यवस्थाओं को देखा जाएगा।

### कुसुम सोलंकी सेंटर समन्वयक पद पर चयनित

**धामनोद, निप्र।** कुसुम सोलंकी को केंद्र समन्वयक पद पर नियुक्त किया गया है उनकी नियुक्ति पर धार सामूहिकता मध्य प्रदेश की ओर से बधाई प्रेषित की गई जानकारी देते हुए विधायक प्रतिनिधि ममता वर्मा ने बताया कि कुसुम सोलंकी सदैव जनहित



कार्य में जुटी रहती है पूर्व में भी उनके द्वारा लगातार आमजन हितैषी कार्य किए गए वे सदैव अपने कार्य के प्रति तत्पर रहती है विगत कई वर्षों से वह भाजपा के प्रति पूर्ण रूप से समर्पित रही है भाजपा सदस्यों की नियुक्ति में भी उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई उनकी नियुक्ति पर कार्यकर्ताओं और पदाधिकारी में हर्ष व्याप्त हो गया वर्तमान में वह महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष भी है।



### सी.एम. राइज बाग में जनजातीय गौरव दिवस पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

विनय उजाला

**बाग, निप्र।** क्रांतिसूर्य बिरसा मुंडा धरती के (आबा) के जन्मदिवस एवं जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 15 नवंबर से दिनांक 26 नवंबर तक विद्यालयों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाना है जिसके तहत शासकीय सी एम राईज विद्यालय में भगवान बिरसा मुंडा आधारित चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कक्षा 11 वी एवं कक्षा 12वी के छात्रो मे कु. भावना बामनिया, निकीता सुर्यवंशी,निधि चौहान , शिवानी मंडलोई, उज्जवल प्रजापति, वैदिक सेन, प्रियंका भाबर, सुनिल मेहडा, गोलू जमरा, अनन्या राठौड़ नन्दनी प्रजापति के द्वारा जनजातीय शहीदों के चित्र कला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था प्राचार्य डी.एस. बघेल, एल .एन पंवार, राजेंद्र सिंह झाला दिनेश अजनारे, पारस परिहार, श्रीमती नीतू यादव, ममता बघेलएवं स्टाफ मौजूद रहे।

### छोटे-छोटे प्रयास से बच्चे आगे चलकर बड़े वैज्ञानिक बनते हैं : मनोज दुबे

# ब्लॉक स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का डही में हुआ आयोजन

विनय उजाला





**डही, निप्र। विकासखंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का जनपद शिक्षा केंद्र डही में मंगलवार को आयोजन हुआ। इसमें नौ संकुलों से चयनित विद्यार्थियों ने अपनी संस्था के शिक्षकों के नेतृत्व में विकास खंड स्तर पर भाग लेते हुए विज्ञान एवं पर्यावरण के क्षेत्र में अपनी भूमिका का प्रदर्शन किया।**

बीआरसी मनोज दुबे ने विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए मॉडल और विभिन्न विधाओं में दी गई प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि इसी प्रकार के छोटे-छोटे प्रयास से बच्चे आगे चलकर बड़े वैज्ञानिक बनते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्य करते रहना चाहिए जिससे अपने साथ स्कूल का नाम रोशन हो। दूबे ने कहा कि विज्ञान के प्रति विद्यार्थियों की रूचि बढ़ाने के मुख्य उद्देश्य से ही विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इसके अलावा विद्यार्थियों को स्कूलों में आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं में भाग लेना चाहिए। चूंकि प्रतियोगिताओं में भाग लेने से विद्यार्थियों का ज्ञानवर्धन होता है। श्री दुबे ने वर्तमान युग को विज्ञान का युग बताते हुए सभी में वैज्ञानिक दृष्टिकोण के विकास को बढ़ावा देने व विज्ञान के प्रति विद्यार्थियों में रुचि उत्पन्न करने के लिए विज्ञान मेले की आवश्यकता को एक महत्वपूर्ण एवं आवश्यक कदम बताया। कार्यक्रम में निर्णायक के रूप में बीएसी हितेंद्र सिंह ठाकुर, मीनाक्षी ठाकुर और मनीषा ठाकुर ने भूमिका निभाई। प्रतिभागियों का पंजीयन लेखापाल अनीता कनौजिया ने किया। आयोजन व्यवस्था को बीएसी अजय भारद्वाज, राकेश घोषी एवं साक्षरता समन्वयक रमेश सोलंकी ने संभाला। जबकि चयनित बच्चों की ऑनलाइन एंट्री का कार्य एमआईएस नितेश चौधरी और डाटा एंट्री ऑपरेटर मोहन सिंह उच्चवारे ने किया। कार्यक्रम में जीवन कौशल सक्षम कार्यक्रम की ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर संध्या राजपुरोहित, हाईस्कूल करजवानी के प्राचार्य राजप्रकाश त्रिवेदी, जनशिक्षक सूरत सिंह सस्त्या, प्रताप ओहरिया आदि उपस्थित थे।

#### इन बच्चों की प्रस्तुति सराहनीय रही

मॉडल में हतरी कन्नौज पन्हाल, सायबू डोडवा व शिवम पिपलुद, सोनू भिड़े पितनपुर, पिंकेश जयराम भगावा, विक्की जमरा छेंडिया, सरिता अहरवाल बलवानी, सेमिनार में अकेश डोडवा कवड़ा, मिनका पन्हाल, रितेश अलावा टेमरिया और पर्यावरण गीत में लक्ष्मी जमरा पितनपुर, दुर्गा अलावा टेमरिया और कौसर खत्री कवड़ा आदि का परफॉर्मेंस सराहनीय रहा। अब विकासखंड से चयनित विद्यार्थी आगामी दिनों में जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में भाग लेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### निगम द्वारा इंदौर की स्वच्छता को धूमिल करने पर स्पॉट फाईन, बस स्टॉप पर पेम्पलेट चस्पा करने पर किया 10 हजार का स्पॉट फाईन



**इंदौर, नप्र।** आयुक्त श्री शिवम वर्मा एवं अपर आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा के निर्देशानुसार इंदौर की स्वच्छता को धूमिल करते हुए, शासकीय दीवार, विद्युत पोल व अन्य स्थानो पर बिना अनूमति के पेम्पलेट लगाने वाले के विरूद्ध चालानी कार्यवाही के निर्देश के क्रम में झोन क्रमांक 03 सीएसआई श्री शिवेन्द्र सिकरवार, श्री राम लोवंशी द्वारा संस्थान के विरूद्ध चालानी कार्यवाही की गई। झोन 03 सीएसआई श्री शिवेन्द्र सिंह सिकरवार, श्री राम लोवंशी एवं राहायक सीएसआई श्री राजेन्द्र बेगा ने बताया कि झोन क्षेत्र में सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान पोलोग्राउण्ड मेनरोड बस स्टॉप पर पेम्पलेट चस्पा पाये जाने पर पेम्पलेट में उल्लेखित पते पर जाकर, इंदौर की स्वच्छता को धूमिल करने पर संबंधित प्रबंधक के विरूद्ध चालानी कार्यवाही की गई, जिसके तहत पलक रियल स्टेट परदेशीपुरा चौराहा द्वारा बस स्टॉप पर विभिन्न पदो पर नियुक्ति संबंधित सूचना के पेम्पलेट चिपकाने पर राशि रूपये 10 हजार का स्पॉट फाइन किया।

### संभागायुक्त श्री दीपक सिंह की अध्यक्षता में मेट्रोपोलिटीन सिटी के संबंध में बैठक आयोजित हुई



**इंदौर, नप्र।** संभागायुक्त श्री दीपक सिंह की अध्यक्षता में मेट्रोपोलिटीन सिटी के संबंध में किये जाने वाले कार्यों, कान्ह और सरस्वती रिवर फ्रंट साइड डेव्हलपमेंट के लिये किए जाने वाले प्रयासों के संबंध में बैठक आयोजित हुई। बैठक में कलेक्टर श्री आशीष सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा, आईडीए सीईओ श्री रामप्रकाश अहिरवार, स्मार्ट सिटी सीईओ श्री दिव्यांक सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। धार कलेक्टर श्री प्रियंक मिश्र भी वीसी से बैठक में जुड़े। बैठक में संभागायुक्त श्री सिंह ने निर्देश दिए कि मेट्रोपोलिटीन सिटी के संबंध में विभिन्न विभागों के साथ बैठक आयोजित की जाए। विभागवार आवश्यक जानकारी एकत्र की जाए। आवश्यक जानकारी संग्रहण के लिए विभागवार एक नोडल अधिकारी नियुक्त किये जाए। बैठक में कान्ह और सरस्वती रिवर फ्रंट साइड डेव्हलपमेंट के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। संभागायुक्त श्री सिंह ने इसके लिए मॉडल विकसित करने के संबंध में विशेष प्रयास करने की बात कही।

# प्रथम मध्य प्रदेश पुलिस घुड़सवारी प्रतियोगिता का शुभारंभ

विनय उजाला





**इंदौर, नप्र।** मध्य प्रदेश पुलिस की विभिन्न इकाईयों में उपलब्ध अश्वों का उपयोग विभिन्न राज्य एवं राष्ट्रस्तरीय प्रतियोगिताओं में किया जाता है। इन अश्वों को प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये प्रशिक्षित रूस्तमजी सशस्त्र पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय, इंदौर में विगत कई वर्षो से किया जा रहा है। अश्वों व उनके सवारों के बेहतर प्रदर्शन को दृष्टिगत रखते हुये विशेष पुलिस महानिदेशक डॉ. वरूण कपूर द्वारा एक नवीन व वृहद योजना बनायी गई जिसे अमल में लाना भी प्रारंभ किया गया। मध्य प्रदेश पुलिस के बेड़े में संपूर्ण प्रदेश में 120 अश्व उपलब्ध है। जो रूस्तमजी सशस्त्र पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय, इंदौर के अतिरिक्त प्रथम वाहिनी विसबल, इंदौर, दूसरी वाहिनी विसबल, ग्वालियर, 6ठी वाहिनी विसबसल, जबलपुर, 7वीं वाहिनी विसबल, भोपाल एवं जिला बल झाबुआ, उज्जैन एवं खरगोन में भी पदस्थ है। इनमें से कई अश्वों का उपयोग राष्ट्रीय प्रतियोगिता में किया जाता रहा है। इनके प्रदर्शन को और बेहतर बनाने हेतु यह नितांत आवश्यक था कि उपयोगी अश्वों एवं सवारों के बीच प्रतियोगिता हो ताकि उनकी क्षमता का उन्नयन हो। इस उद्देश्य से यह योजना बनाई गई। सर्वप्रथम इन अश्वों एवं सवारों को रूस्तमजी सशस्त्र पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय, इंदौर के विशेष घुड़सवारी प्रांगण में एकत्रित कर एक प्रतियोगिता का आयोजन किया जाए ताकि अश्वों एवं सवारों के प्रशिक्षण के साथ प्रतिस्पर्धा का अभ्यास व उत्साह भी जागृत किया जा सके। अत: प्रथम मध्य प्रदेश पुलिस घुड़सवारी प्रतियोगिता का दिनांक-20 से 22.11.2024 के मध्य रूस्तमजी सशस्त्र पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय, इंदौर के प्रांगण में आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता का शुभारंभ डॉ. वरूण कपूर-विशेष पुलिस महानिदेशक, रूस्तमजी सशस्त्र पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय, इंदौर की उपस्थिति में किया गया। रूस्तमजी सशस्त्र पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय, इंदौर के 11, प्रथम वाहिनी विसबल, इंदौर के 8, एवं 6वीं वाहिनी विसबल, जबलपुर के 2 अश्वों ने प्रारंभिक सलामी परेड में भाग लिया गया व शपथ गृहण की विधि पूर्ण की गई। इसके उपरांत डॉ. वरूण कपूर द्वारा प्रतियोगिता की शुभारंभ की घोषणा की गई।

दो विशेष विधियों के प्रदर्शन के साथ प्रतियोगिता प्रारंभ हुई। ये विधियाँ शो जंपिंग एवं क्रास कंट्री है। इन विधियों का प्रदर्शन रूस्तमजी सशस्त्र पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय, इंदौर के 4 अश्वों एवं सवारों ने किया।

इस प्रदर्शन के उपरांत टेंट पेगिंग नामक प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया जिसमें कड़े मुकाबले के बाद रूस्तमजी सशस्त्र पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय, इंदौर के अश्व आरूष एवं आर. (सवार) 368 प्रमोद कुमार ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया तथा 6वीं वाहिनी विसबल, जबलपुर के अश्व राज व प्र.आर.(सवार) 1017 भानू एवं 6वीं वाहिनी विसबल, जबलपुर के ही अश्व नूर व आर.(सवार)1008 जगन्नाथ ने संयुक्त रूप से ट्रायबेकर के आधार पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतिस्पर्धा का बड़ी संख्या में क्षेत्रीय निवासियों ने भी आनंद लिया। अंत में डॉ. वरूण कपूर-विशेष पुलिस महानिदेशक ने बताया कि इस प्रकार की प्रतिस्पर्धा भविष्य में भी आयोजित की जायेगी जिसमें मध्य प्रदेश पुलिस घुड़सवारी दल के सदस्यों के साथ साथ निजी संस्थानों में प्रशिक्षित अश्वों एवं सवारों को भी आमंत्रित किया जायेगा एवं आकर्षक पुरस्कार से पुरस्कृत किया जायेगा। इससे न केवल इंदौर में इस प्रकार के प्रदर्शन की एक कड़ी प्रारंभ होगी अपितु मध्य प्रदेश पुलिस के घुड़सवार दल की क्षमता में विकास होगा और राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन सुनिश्चित किया जा सकेगा। उपरोक्त प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन करनें में उप पुलिस अधीक्षक (एमटीडी) श्री वेदांत शर्मा की प्रभावी भूमिका रही। इसके साथ ही निरीक्षक (सवार) श्री रामकुमार भदौरिया एवं सउनि (सवार) हितकरण सिंह तथा निर्णायक मंडल के सदस्य डॉ. हितेश राजे व से.नि. निरीक्षक (सवार) श्री संतोष त्रिपाठी का भी प्रभावी योगदान रहा।

# हरियाणा सरकार के एक निर्णय ने जगाई अतिथि विद्वानों की आश

## सैनी सरकार ने अतिथि विद्वानों को किया नियमित, अब बारी मोहन सरकार की

प्रदीप कश्यप

**भोपाल (विनय उजाला)।** हरियाणा भाजपा सरकार के एक निर्णय ने प्रदेश में खलबली मचा दी है। जैसा कि विदित हो कि वकायदा प्रस्ताव कैबिनेट से पारित करते हुए जो उच्च शिक्षा विभाग में पिछले पांच वर्षों से काम कर रहे थे रिक्त पदों के विरुद्ध अतिथि विद्वान उनको अनुभव एवं योग्यता के अनुसार उन्ही पदों में स्थाई नियुक्ति दी जाएगी। प्राप्त जानकारी के मुताबिक ये वादा हरियाणा भाजपा ने चुनाव से पहले किया था जैसे ही सरकार बनी उसका इम्प्लीमेंटेसन शुरू हो गया है।

इसी निर्णय को लेकर मध्य प्रदेश के अतिथि विद्वानों ने मोहन सरकार से अपना वादा पूरा करने के लिए मुहिम छेड़ दी है।

### हरियाणा सरकार की तरह ही ऐतिहासिक निर्णय लें मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव

अतिथि विद्वान महासंघ के प्रदेश मीडिया प्रभारी डॉ आशीष पांडेय ने बकायदा प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए मध्य प्रदेश सरकार से आग्रह किया है कि जैसे हरियाणा के मुख्यमंत्री ने ऐतिहासिक निर्णय लिया है अतिथि विद्वानों के लिए ऐसे ही निर्णय डॉ मोहन यादव जी एवं विभगीय मंत्री इंदर सिंह परमार जी को लेना चाहिए। डॉ पांडेय ने बताया कि 57700 फ़िक्स मासिक वेतन यूजीसी के नियमानुसार एवं जो लंबे समय से कार्य कर रहे थे उन अतिथि विद्वानों को उन्ही रिक्त पदों में हरियाणा सरकार ने स्थाई/समायोजित कर दिया है।

### शिवराज एवं मोहन भी कर चुके हैं महापंचायत में घोषणा, की विद्वान नहीं होंगे बाहर

विधानसभा चुनाव 2023 के ठीक पहले 11 सितंबर को मुख्यमंत्री निवास पर हुई ऐतिहासिक महापंचायत में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं उस समय के विभाग प्रमुख उच्च शिक्षा मंत्री पूरे उच्च शिक्षा विभाग के महकमें के साथ घोषणा किये थे कि लंबे समय से काम कर रहे रिक्त पदों के विरुद्ध अतिथि विद्वानों को बाहर नही किया जाएगा लेकिन आज तक इस लाइन इस घोषणा को पूरा नही किया गया। विभगीय आदेश जारी होते ही अतिथि विद्वानों की हवाइयां उड़ने लगी। कि इतना बड़ा झूठे वादे कैसे करते हैं इतने बड़े नेता। अब हरियाणा सरकार के निर्णय से विद्वानों ने मांग तेज कर दी है।

### सोशल मीडिया (इंस्ट्राग्राम, फ़ेसबुक, ट्विटर) पर चला रहे हैं विद्वान मुहिम

वहीं अतिथि विद्वान महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ अविनाश मिश्रा एवं सचिव डॉ दुर्गेश लसगरिया ने बताया कि पूरे प्रदेश के अतिथि विद्वानों को संघ ने अल्टीमेटम जारी कर दिया है गूगल मीट करके मीटिंग करके की प्रदेश सरकार से अनुरोध करें लगातार की अब समय आ गया है कि रिक्त पदों के विरुद्ध वर्षों से कार्य करने वाले अतिथि विद्वानो को स्थाई/नियमित/समायोजन करें एवं फिक्स मासिक वेतन दें जो घोषणा हो चुकी थी।

### इनका कहना है :-

माननीय मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, विभगीय मंत्री एवं शीर्ष अधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ अतिथि विद्वानो के हित मे निर्णय लेना चाहिए। फ़िक्स मासिक वेतन एवं स्थाई/नियमित/समायोजन करना चाहिए जिन रिक्त पदों में विद्वान काम करते आ रहे हैं वर्षों से। हरियाणा सरकार का निर्णय काबिले तारीफ़ है, मध्य प्रदेश सरकार भी क़दम उठाए।

**डॉ. देवराज सिंह, प्रदेश अध्यक्ष महासंघ**

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत नि :शुल्क सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन आज

विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** शहरी गरीबी उपशमन प्रकोष्ठ के प्रभारी श्री मनीष शर्मा (मामा) ने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी, माननीय नगरीय प्रशासन मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय की जनकल्याणकारी मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना का लाभ नागरिकों को मिल सके इस हेतु दिनांक 22 नवंबर को इंदौर के दलाल बाग में मुख्यमंत्री कन्या विवाह सम्मेलन का आयोजन हो रहा है। महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव एवं आयुक्त श्री शिवम वर्मा तथा शहरी गरीबी उपशमन प्रकोष्ठ के प्रभारी श्री मनीष शर्मा (मामा) के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम, इंदौर द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत निःशुल्क सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन दिनांक 22 नवंबर 2024 को किया जा रहा है। यह कार्यक्रम दलाल बाग परिसर, इंदौर में आयोजित होगा।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना हेतु निगम के समस्त जोनल कार्यालय एवं निगम मुख्यालय पर आवेदन प्राप्त किए गए थे जिसमें 135 पात्र हितग्राही द्वारा विवाह हेतु आवेदन प्रस्तुत किए गए। इस आयोजन का उद्देश्य अधिक से अधिक गरीब परिवारों की विवाह योग्य बेटियों का विवाह संपन्न कराना है, जिससे वे मध्यप्रदेश शासन की इस जनहितकारी योजना का लाभ प्राप्त कर सकें।

योजना के तहत वधुओं को उपहार स्वरूप शासन द्वारा दी जाने वाली राशि कन्या के खाते में दी जाकर योजना का लाभ मिलेगा।

# शासकीय अहिल्या केन्द्रीय पुस्तकालय का 63वां स्थापना दिवस समारोह संपन्न

विनय उजाला





**इंदौर, नप्र। शासकीय श्री अहिल्या केंद्रीय पुस्तकालय का 63वां स्थापना दिवस समारोह संपन्न हुआ। संभागायुक्त एवं पुस्तकालय की परामर्शदात्री समिति के अध्यक्ष श्री दीपक सिंह की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित हुआ।**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक श्री गोलू शुक्ला शामिल हुए। इस अवसर पर इंदौर के 25 शासकीय हायर सेकंडरी विद्यालयों के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए संभागायुक्त श्री सिंह ने कहा कि मोबाइल ने पुस्तकें पढ़ने की आदत को बदल दिया है। उन्होंने कहा पुस्तकों में ज्ञानवर्धक और तथ्यपरक बातें होती हैं, इसलिये विद्यार्थी पुस्तकों से दूरी न बनायें और पुस्तकों से जुड़े रहें। उन्होंने बच्चों को पुस्तकें एवं पुस्तकालय का महत्व बताते हुए उनसे जुड़ने के लिये प्रेरित किया। विधायक श्री गोलू शुक्ला ने कहा कि पुस्तकें पढ़ने से ही व्यक्ति ज्ञान प्राप्त करता है और महान कार्य करता है। उन्होंने कहा कि इस पुस्तकालय के लिए अब एक साथ बहुत सारे विद्यार्थियों के बैठने की व्यवस्था वाले स्थान का निर्माण कराएंगे। कार्यक्रम में पार्षद पंखुड़ी दोशी ने नवग्रह नक्षत्र उद्यान को और बेहतर तरीके से विकसित करने की बात कही। इस अवसर पर पुस्तकालय प्रमुख सहित शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन संस्कृत महाविद्यालय के आचार्य पंडित गोपाल बैरागी ने किया।

# इंटरनेशनल रोटरी फ्रेंडशिप प्रोग्राम के तहत विदेश से पधारे मेहमान

विनय उजाला





**इंदौर, नप्र। इंटरनेशनल रोटरी फ्रेंडशिप प्रोग्राम के तहत डिस्ट्रिक्ट 9350 जिसके अंतर्गत दक्षिण अफ्रीका, नामीबिया एवम अंगोला से 11 विदेशी मेहमान इंदौर पधारे।**

इस टीम की लीडर दक्षिण अफ्रीका की शान बीसमैन सायमंस, चार कपल्स दक्षिण अफ्रीका के ग्राहम एवं जैकी क्लेडन, पीटर एवम जुडी वान एडवेजन, किम क्रॉस्बी, नील हैरिसन, नंबिया से रेनार्ड एवम एस्मेराल्डा क्लोएट, रिचर्ड जॉन एवम क्रिसिडा कुक भारत रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3040 के इंदौर शहर के साथ साथ मुंबई, दिल्ली, आगरा, जयपुर एवम खजराहो का भ्रमण कर उन क्षेत्रों के लोगों, भोजन, भाषाओं, रीति-रिवाजों और इतिहास के बारे में जानेंगे। रोटरी पब्लिक इमेज चेयरमैन घनश्याम सिंह ने बताया कि इंदौर में उन्होंने मंडलाध्यक्ष अनीश मलिक, अंतरराष्ट्रीय सर्विस चेयर राजन बावेजा, मंडल रोटरी फ्रेंडशिप एक्सचेंज चेयर माधुरी भरकतिया एवम अन्य रोटेरियनस सहित डेली कॉलेज, एमराल्ड हाइट्स स्कूल, प्रतिभा सिंटेक्स फैक्ट्री पीथमपुर, महेश्वर, चोइथराम नेत्रालय, विशेष जुपिटर हॉस्पिटल, लाल बाग पैलेस, छतरी एवं राजबाड़ा का भ्रमण कर भारतीय इतिहास एवम शिक्षा प्रणाली को समझा साथ ही इंदौर एवम महेश्वर में रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3040 द्वारा चलाए जा रहे सेवा प्रकल्पो का अवलोकन किया।

## 100 वाँ ऑनलाइन लोकार्पण कर अखंड संडे ने रचा इतिहास

# रुद्राक्ष की माला की तरह बहुमूल्य है प्रो. शुक्ल की 108 लघुकथाएं : पिलकेंद्र अरोड़ा

## त्रासदी के विरुद्ध जेहाद करती है प्रो. शुक्ल की लघुकथाएं : सोढ़ी

विनय उजाला



प्रतापसिंह सोढी जगदीप कौर नूरानी प्रो. योगेन्द्रनाथ शुक्ल



जगदीश रॉय कुलरियाँ पिलकेंद्र अरोड़ा मुकेश इन्दौरी

**इंदौर, नप्र। संस्था अखंड संडे के तत्वावधान में लघुकथाकार प्रो. योगेन्द्रनाथ शुक्ल की पंजाबी भाषा में अनुवादित कृति बदलदे नायक का 100 वाँ ऑनलाइन लाकार्पण कर इतिहास रच दिया। उल्लेखनीय है कि संस्था द्वारा कोरोना काल में शुरु की गई ऑनलाइन लोकार्पण श्रंखला ने चार साल में 100 ऑनलाइन लोकार्पण किये।**

इस अवसर पर साहित्यकार प्रतापसिंह सोढ़ी ने कहा कि इस संग्रह की लघुकथाएँ जीवन के, समाज के विविध विषयों से साक्षात्कार कराती हैं। संवेदनशीलता इन लघुकथाओं की अभिव्यक्ति का माध्यम बनी है। उन्होंने कहा कि अनुवादिका जगदीप कौर ने मूल निष्ठा, सतर्कता एवं सटीकता को बर्करार रखते हुए मूल लेखक की भावनाओं से सामंजस्य स्थापित कर अनुवाद द्वारा उसे प्राणवान बना दिया है।

वहीं अमृतसर से मिन्नी पत्रिका संपादक जगदीश रॉय कुलरियाँ ने कहा कि योगेंद्र नाथ शुक्ल अपनी रचनाओं में अधिक विस्तार नहीं देते। वह कलात्मक ढंग से इस प्रकार अपनी बात कहते हैं कि पाठक के मस्तिष्क में वह लंबे समय तक बनी रहती है। यह पंजाबी अनुवाद निश्चित तौर पर पाठकों को अपनी ओर आकर्षित करेगा।

उज्जैन से चर्चाकार पिलकेन्द्र अरोड़ा ने कहा कि इस संग्रह की रचनाएं विभिन्न घटनाओं और संवादों के माध्यम से सत्य से साक्षात्कार कराती हैं। जिसमें समय, समाज और सरोंकारों के प्रति लेखक की प्रतिबद्धता की गूंज-अनुगंज स्पष्ट सुनाई पड़ती है। ये संग्रह रूद्राक्ष की एक माला की तरह है जिसमें 108 मोती हैं और सभी बहुमूल्य हैं।

कनाडा से अनुवादक जगदीप कौर नूरानी ने अनुवाद शब्दों की शक्ति का जश्न होता है, सम्मान होता है जो दुनिया की अलग-अलग भाषाओं को, सभ्याचारों को आपस में जोड़ता है। शुक्ल जी की लघुकथाओं में पाठक के मन को आंदोलन करने की शक्ति है, इसीलिए मैं उनकी रचनाओं की ओर आकृष्ट हुई। वहीं कृति के मूल लेखक डॉ. योगेन्द्रनाथ शुक्ल ने कहा कि अनुवाद साहित्य का ऐसा अंग है, जो अपने अंतस में विशुद्ध एक विश्व एक परिवार की भावना रखता है। दो देशों और दो भाषाओं के लोगों को नजदीक लाता है, उनसे आत्मीय संबंध स्थापित करता है।

वहीं मुकेश इन्दौरी ने कहा कि वर्तमान में ऑनलाइन लोकार्पण समय की मांग है। और ये कारवाँ अनवरत जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि डॉ. शुक्ल की लघुकथाओं का 12 भाषाओं में अनुवादित होना इन्दौर साहित्य जगत के लिए गौरव की बात है।

इस अवसर पर साहित्य कार डॉ. पदमा सिंह, ज्योति जैन, डॉ रवीन्द्र पहलवान, मुंबई से डॉ. रमेश गुप्त मिलन, पुणे से विनु जमुआर, अनिल ओझा, व्रजेन्द्र नागर, हरमोहन नेमा, चंद्रकिरण अग्नि होत्री, डॉ.शशि कला अवस्थी, डॉ शशि निगम, नवनीत जैन, सुरेंद्र व्यास, महिमा शुक्ला, शोभा प्रजापति, आशा वडनेरे, नीति अग्निहोत्री सुजाता देशपांडे, कीर्तिश धामारिकर, अखिलेश बर्वे, राजेंद्र शर्मा, भावना दामले, आदि कई गणमान्य जन ओनलाइन उपस्थित थे।

# 307भोपाल के बाद इंदौर में भी हटेगा बीआरटीएस, मुख्यमंत्री बोले- इससे लोगों को परेशानी

**इंदौर, नप्र।** मध्य प्रदेश में राजधानी भोपाल के इंदौर शहर में भी एबी रोड पर बने बस रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (बीआरटीएस) को हटाया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को इंदौर प्रवास के दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि जनता को इससे परेशानी हो रही है और जनप्रतिनिधियों की मांग पर यह निर्णय लिया जा रहा है। इस संबंध में हम कोर्ट के सामने भी सरकार की ओर से अपना पक्ष रखेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भोपाल में जैसे बीआरटीएस हटाया गया है, उससे यातायात में सुविधा मिली है। इंदौर में भी बीआरटीएस को लेकर हमें लोगों की शिकायतें मिल रही हैं, जो भी तरीका लगाना पड़ेगा, इसे हटाएंगे।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मुझ शपथकर्ता के आधार कार्ड क्रमांक 6820 2850 6619 एवं पैन कार्ड में मेरा नाम मनीष नागल है जो की सही है एवं सत्य है तथा मेरे समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरा नाम मनीष कुमार दर्ज जो कि मेरा ही नाम है मनीष नागल एवं मनीष कुमार दोनों नाम मुझ शपथकर्ता के ही है अतः अब आगे भविष्य में मुझे मनीष नागल के नाम से जाना व पहचाना जाये।

मनीष नागल पिता रमेशचंद नागल
निवासी 11/1 गणेश नगर नयागांव, रतलाम

**कार्यालय जनपद पंचायत पेटलावद, जिला झाबुआ (म.प्र.)**

क्रमांक/वाहन/निविदा/2024/7512 पेटलावद, दिनांक : 16.11.2024

**// वाहन किराये के लिए निविदा आमंत्रण सूचना //**

कार्यालय जनपद पंचायत पेटलावद जिला झाबुआ द्वारा विज्ञप्ति क्रं. 7512-13/16-11-2024 से म.प्र. शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्रालय के पत्र क्रमांक 560/एन-4/वित्त एवं लेखा/2017 भोपाल दिनांक 10.08.2017 के अनुसार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत के शासकीय कार्यों के उपयोग हेतु एक चार पहिया वाहन टेक्सी परमिट 01 जनवरी 2022 के बाद की बोलेरो मासिक किराये पर ली जाना है। मासिक किराया मय वाहन चालक के राशि 20000/- रू. से अधिक न हो।

निविदा संबंधी अधिक जानकारी के लिए नियम शर्त एवं निविदा प्रपत्र जनपद पंचायत पेटलावद में राशि 500/- रू. (वापसी योग्य नहीं) जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।

| | | |
|---|---|---|
| निविदा जारी करने की तिथि | :- | 16.11.2024 |
| निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि | :- | 03.12.2024, समय अपरान्ह 1.00 बजे तक |
| पूर्णतः भरे निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि | :- | 03.12.2024, समय अपरान्ह 2.00 बजे तक |
| निविदा प्रपत्र खोले जाने की तिथि | :- | 03.12.2024, समय सायंकाल 5.00 बजे। |

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत पेटलावद

# सम्पादकीय

## अपनी सेहत को दांव पर लगाने पर लोग आमादा

लोग खुद ही अपनी सेहत को दांव पर लगाने पर आमादा हों, तो उस समाज को आखिर कौन बचा सकता है? डॉक्टर चेतावनी देते-देते थक गए हैं कि प्रदूषण जानलेवा भी हो सकता है। मगर जागरूकता और जवाबदेही का अभाव जस-का-तस है।छठ के मौके पर दिल्ली में यमुना के प्रदूषण पर आम आदमी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के बीच तू तू-मैं मैं अब इतनी आम हो गई है कि लोग उससे ऊबने लगे हैं। मुद्दा है कि जब यह स्थायी समस्या है, तो छठ के बाद उस पर इन दोनों पार्टियों का ध्यान क्यों नहीं होता, जिनकी केंद्र और (केंद्र शासित) प्रदेश में सरकारें हैं? फिर सामान्य दिनों में नागरिक समाज को भी इसकी कोई फिक्र नहीं होती। यही हाल दिल्ली और आसपास के इलाकों में इस सीजन में बढने् वाले वायु प्रदूषण की है। फिर वही हुआ। एक और दिवाली आई और फिर दिल्ली एनसीआर स्मॉग की चादर से ढक गया। पटाखों पर प्रतिबंध सिर्फ कागज पर रहा। लोगों ने जितनी मांग की, उतने पटाखे दुकानों में बिके, लोगों ने खरीदे और मन भर कर जलाए भी।अब लोग खुद ही अपनी सेहत को दांव पर लगाने पर आमादा हों, तो उस समाज को आखिर कौन बचा सकता है? डॉक्टर चेतावनी देते-देते थक गए हैं कि प्रदूषण सिर्फ थोड़ी-सी खांसी ही नहीं देता, बल्कि यह जानलेवा तक साबित हो सकता है। मगर भारत में जागरूकता और जवाबदेही का अभाव जस-का-तस है। अब इस क्रम में एक अंतरराष्ट्रीय पहलू भी जुड़ा है। पाकिस्तान भी वायु प्रदूषण के दुष्प्रभाव झेल रहा है। खासकर लाहौर शहर बुरी तरह प्रभावित हुआ है। यह कम दिलचस्प नहीं कि प्रांत की मुख्यमंत्री मरियम नवाज ने लाहौर में खराब होती हवा के लिए भारत को जिम्मेदार ठहरा दिया है।उनका कहना है कि भारत से आने वाली हवा अपने साथ प्रदूषण लेकर आती है, जिससे लाहौर की हवा खराब हो रही है। जबकि खुद पाकिस्तान में तैयार रिपोर्टों में कहा गया है कि खराब वायु गुणवत्ता के प्रमुख कारणों में उद्योगों और वाहनों से निकलने वाला धुआं शामिल है। इसके अलावा खेती की पद्धति, जैव ईंधन और कचरे को जलाना और धूल इसके अन्य पहलू हैं। मगर गंभीर समस्या पर अगंभीर और बे-ईमान रुख की संस्कृति पाकिस्तान में भी कोई कम नहीं है। बहरहाल, ऐसे नजरियों से कुछ हासिल नहीं होगा, यह बात हर जागरूक व्यक्ति अवश्य ध्यान में रखना चाहिए।

## अनुभव जीवन के...

देखूँ जब कपड़ा कोई भी धागा उधड़ा मिलता है
हर रिश्ता इस दौर में कुछ उखड़ा उखड़ा मिलता है
बताओ नया क्या ले आएं प्रति वस्तु सुधार की ओर है
किसको पकड़ें जो छूट रहा अंतिम या पहला छोर है

मृत्यु उचित ऐसे जीवन से जो घुट घुट कर नित जीना हो
एक बार पिला दो गरल मुझे जो सुधा चुराकर पीना हो
अतिशय प्रेम न किसी चीज़ से न हो किसी इंसान से
अनंत प्रेम करने पर भी तो मिली उधार की डोर है

जब पीड़ न समझे साजन ही उर के अपने प्रियतम की
रात कटे न उसके बिन हो जाती आंख में भोर है
स्वाति बूंद बनकर अब बरसो मन के शुष्क मरुस्थल में
टकटकी लगाए देखे तुमको मन का मेरे चकोर है

है सब कुछ जब पास मेरे तो क्यों उदास रहे ये मन
सुंदर पंख पसार के नाचे पर पग देखे रोता मोर है
लोग बड़ी हैं बातें करते कर्म दिखाएं तुच्छ बड़े
इसी को शायद कहते कलियुग आया रे अब घोर है

पता चले विस्मय न होता ऐसी वैसी बातों पर अब
वो बड़े महल में रहने वाला एक पैसे का चोर है
बड़ी उपाधि पत्रोपाधि मन से अबोध होता मालूम
जिस पर चित्त सभी का आता वो देखो चितचोर है



विनय उजाला

**डॉ नीलू शुक्ला समीर**
**भोपाल, मप्र**

## रविवार, 24 नवंबर, 2024 को पश्चिम रेलवे पर दिवसकालीन ब्लॉक नहीं

**मुंबई (विनय उजाला)।** पश्चिम रेलवे का सभी गुड्स लाइनों सहित वसई रोड यार्ड में रात्रिकालीन ब्लॉक पश्चिम रेलवे द्वारा रेलपथ, सिगनलिंग प्रणाली तथा ऊपरी उपस्करों के रख-रखाव हेतु शुक्रवार एवं शनिवार यानि 22/23 नवंबर, 2024 की मध्य रात्रि को सभी गुड्स लाइनों सहित वसई रोड यार्ड में 00:15 बजे से 03:15 बजे तक 03 घंटे का रात्रिकालीन जम्बो ब्लॉक लिया जायेगा।

तदनुसार, रविवार, 24 नवंबर, 2024 को पश्चिम रेलवे उपनगरीय खंड पर कोई दिवसकालीन ब्लॉक नहीं रहेगा।

## शासकीय महाविद्यालय हरसूद में राष्ट्रीय पुस्तकालय सप्ताह संपन्न



विनय उजाला



**हरसूद, निप्र।** शासकीय महाविद्यालय हरसूद में 14 से 20 नवंबर 2024 तक आयोजित राष्ट्रीय पुस्तकालय सप्ताह का गुरुवार को समापन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीएमओ श्रीमती मोनिका पारधी एवं जनभागीदारी समिति के नवनियुक्त अध्यक्ष अश्विनी शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य व्हीके वर्मा द्वारा की गई। पुस्तकालय सप्ताह के अंतर्गत आयोजित परिचर्चा, गायन, समूह नृत्य, पोयम एवं स्टोरी टेलिंग, बुक मार्क्स मेकिंग, बुक कवर, बुक रिव्यू, पोस्टर मेकिंग आदि प्रतियोगिताओं के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह द्वारा प्रदान किए गए। इस मौके पर सीएमओ मोनिका पारधी ने विद्यार्थियों को अपने एवं अपने माता-पिता के सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित किया। अश्विनी शर्मा ने छात्रों को प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने हेतु उत्साहित किया। कार्यक्रम संयोजक श्रीमती अफशान खान ने कार्यक्रम के आयोजन का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को महानगरीय स्तर का शैक्षणिक वातावरण प्रदान करना बताया। कार्यक्रम में प्रो. आरिफ पिंजारी, प्रो. क्षितिज कुशवाह, प्रो. सौलंकी, प्रो. भट्ट, प्रो. बृजेश सरेयाम, प्रो. निरंजना मलानी, प्रो. दीपाली गंगराड़े, प्रो.ललिता वर्मा, प्रो संतोष भालसे, दुर्गेश कनाडिया, संदीप लौवंशी सहित समस्त स्टॉफ एवं विद्यार्थीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अंकुश् साहू ने किया तथा आभार डॉ जयेश वैष्णव ने व्यक्त किया।

इराकी मिलिशिया पहले ही इजराइल पर हमले कर रहा है। यमन के हूती लाल सागर में अपने हमलों से जहाजों के आने जाने को रोके हुए हैं। उन्होंने अमेरिका के युद्ध पोत, जिससे लड़ाकू विमान उड़ान भरते थे, को भारी नुकसान पहुंचाया है। मजबूरन अमेरिका को अपना युद्ध पोत वापस बुलाना पड़ा है।

# बाइडेन की हरकतों से तीसरे विश्व युद्ध के मंडराते बादल

नरेंद्र शर्मा



विनय उजाला



दूसरे विश्व युद्ध के दौरान स्वीडेन ने अपने नागरिकों को जंग के लिए तैयार करने हेतु एक पंफलेट पांच बार जारी किया था। हाल में स्वीडेन ने अब उसी पंफलेट को 32-पृष्ठों की बुकलेट में अपडेट करके उसकी लाखों प्रतियां अपने नागरिकों के बीच बंटवायी हैं, इस बुकलेट में कहा गया है कि आशंकित युद्ध की स्थिति के लिए किस प्रकार से तैयारी करनी है। इस बीच एक अलग प्रयास में फ़िनलैंड ने भी एक नई वेबसाइट लांच की है, जिसका उद्देश्य अपने नागरिकों को युद्ध के लिए तैयारी करने से संबंधित सूचनाएं उपलब्ध कराना है। फ़िनलैंड रूस के साथ 1,340 किमी का बॉर्डर शेयर करता है। यही नहीं रूस की तरफ़ से 'भयंकर हवाई हमले' की आशंका के मद्देनजर अमेरिका ने कीव में अपने दूतावास को बंद कर दिया है और अपने कर्मचारियों से कहा है कि वह शेल्टर में चले जाएं। अमेरिका के पदचिन्हों पर चलते हुए यूनान, हंगरी, इटली और स्पेन ने भी कीव में अपने अपने दूतावास को बंद कर दिया है। यूक्रेन ने अपने इन सहयोगियों के दूतावास बंद करने के फैसले की आलोचना की है और 'डर' को मास्को का 'मनोवैज्ञानिक ऑपरेशन' बताकर डाउनप्ले करने की कोशिश की है।

यह सब क्यों हो रहा है? दरअसल, अपने कार्यकाल के अंतिम दिनों में अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने यूक्रेन को अपनी दी हुई लम्बी दूरी की आर्मी टैक्टिकल मिसाइल सिस्टम (एटीएसीएमएस) प्रयोग करने की अनुमति दे दी है, जिससे रूस के 225 सैन्य ठिकाने मार की रेंज में आ गये हैं। युद्ध के 1000वें दिन यूक्रेन ने पहली बार रूस पर एटीएसीएमएस मिसाइलों से हमला किया। रूस पहले ही कह चुका था कि अगर उसके खिलाफ अमेरिका के हथियार इस्तेमाल किये गये, तो यह यूक्रेन से नहीं बल्कि नाटो से युद्ध होगा और वह किसी भी नाटो देश पर हमला करने के लिए स्वतंत्र होगा, जिसके लिए उसने अपनी परमाणु नीति भी बदल दी है। अपनी नई नीति में रूस ने इस बात पर बल दिया है कि अगर कोई देश, जिसे परमाणु शक्ति वाले देश का समर्थन प्राप्त होगा, उस पर हमला करता है तो उस स्थिति में वह भी परमाणु हथियारों का प्रयोग कर सकता है। नाटो में 32 देश शामिल हैं, जिनमें वह सब तो हैं ही जिन्होंने कीव में अपने दूतावास बंद किये हैं, इनके अतिरिक्त फ़िनलैंड भी नाटो का सदस्य है। यहां यह याद दिलाना भी आवश्यक है कि रूस ने मोबाइल बम शेल्टर्स का सीरियल उत्पादन शुरू कर दिया है, जो अनेक प्रकार के खतरों से सुरक्षित रखने में सक्षम हैं, जिनमें परमाणु विस्फोट से शॉकवेव्स व रेडिएशन से बचाव भी शामिल है।

अन्य घटनाक्रम भी कम चिंताजनक नहीं हैं। उत्तरी कोरिया ने अपने सैनिक बलों को क्रेमलिन की मदद करने के लिए भेजे हैं, जो रूस के कुरस्क क्षेत्र से यूक्रेन की फ़ौज को खदेड़ने का काम करेंगे। रूस ने सीरिया में अपने सैनिकों की उपस्थिति बढ़ाई है। ध्यान रहे कि इजराइल ने सीरिया में रुसी बेसों पर हवाई हमले किये थे। रूस ने ईरान को अपना एयर डिफेंस सिस्टम दिया है और उसे ऑपरेट करने के लिए अपने सैंकड़ों सैनिक भी ईरान भेजे हैं। इजराइल ने इराक को भी हमले की धमकी दी है, बगदाद ने भी जवाबी कार्यवाही की बात कही है। इराकी मिलिशिया पहले ही इजराइल पर हमले कर रहा है। यमन के हूती लाल सागर में अपने हमलों से जहाजों के आने जाने को रोके हुए हैं। उन्होंने अमेरिका के युद्ध पोत, जिससे लड़ाकू विमान उड़ान भरते थे, को भारी नुकसान पहुंचाया है। मजबूरन अमेरिका को अपना युद्ध पोत वापस बुलाना पड़ा है। हूती पर अमेरिका व इंग्लैंड के हमले जारी हैं। हमास व हिजबुल्ला और इजराइल के बीच भी जंग जारी है।

ईरान इजराइली हमले का बदला लेने के लिए तेलअवीव पर तीसरा हमला करने की तैयारी कर रहा है। अमेरिका न सिर्फ इजराइल को हथियारों की सप्लाई कर रहा है बल्कि ईरान के विरुद्ध उसके साथ युद्ध करने की योजना में भी है। हालात ऐसे बन रहे हैं कि मध्य पूर्व एशिया और यूक्रेन में रूस और अमेरिका आमने सामने आर-पार की लड़ाई में शामिल हो सकते हैं, जिसमें बहुत से देश इस खेमे या उस खेमे की तरफ से लड़ते हुए नज़र आ सकते हैं। वास्तव में दुनिया तीसरे विश्व युद्ध के मुहाने पर खड़ी है, बस एक चिंगारी लगने की देर है। जो लोग आग यह सोचकर लगाते हैं कि जब चाहेंगे उस पर काबू पा लेंगे, उन्हें शायद यह मालूम नहीं है कि आग जब भड़कती है तो भड़के ही चली जाती है; कमान से तीर निकलने के बाद कोई नहीं बता सकता कि वह कितनी दूर तक वार करेगा। इसलिए समय रहते (जो अब बहुत कम रह गया है) यूक्रेन और मध्य पूर्व एशिया में युद्ध विराम के प्रयास न किये गये तो जिस तीसरे विश्व युद्ध के काले बादल मंडरा रहे हैं वह विनाशकारी परमाणु युद्ध में भी बदल सकता है।

विश्व के 80 प्रतिशत परमाणु हथियार अमेरिका व रूस के पास हैं। रूस के डिप्लोमेट्स का कहना है कि इस समय जो संकट है वह 1962 के क्यूबा मिसाइल संकट जैसा है जब शीत युद्ध की दोनों महाशक्तियां जानबूझकर परमाणु युद्ध के करीब आ गईं थीं। उनका कहना है कि पश्चिम बहुत बड़ी गलती कर रहा है, अगर वह सोचता है कि यूक्रेन के मुद्दे पर रूस पीछे हट जायेगा। इस समय यूक्रेन और मध्य पूर्व एशिया में जो बर्बादी और मानव त्रासदी देखने को मिल रही, जिससे दुनिया तीसरे विश्व युद्ध के कगार पर पहुंच गई है, उसके लिए केवल एक व्यक्ति ज़िम्मेदार है और वह जो बाइडेन हैं। संसार में अन्य जगहों पर जो हिंसा व युद्ध की स्थितियां थीं या हैं, उनकी पृष्ठभूमि में भी अमेरिका का हथियार उद्योग ही है। विश्व में अगर शांति होगी तो अमेरिका के हथियार कौन खरीदेगा, उसके हथियार उद्योग का तो चक्का जाम हो जायेगा। बाइडेन ने यूक्रेन को हाल ही में 100 मिलियन डॉलर का कर्ज़ हथियार खरीदने के लिए दिया है।

ज़ाहिर है कि यह हथियार अमेरिका, फ्रांस आदि से ही खरीदे जायेंगे। इनका कमीशन नेताओं को ही मिलेगा। कोई रक्षा सौदा बिना कमीशन के नहीं होता है। यह सोचने की बात है कि बाइडेन ने अपने कार्यकाल के अंतिम चरण में यूक्रेन को अमेरिकी हथियार इस्तेमाल करने की अनुमति देकर युद्ध को उस समय तेज़ किया है जब अमेरिका के निर्वाचित-राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि 20 जनवरी को वाइट हाउस में पहुंचते ही वह युद्ध बंद करायेंगे, जिसका अर्थ है कि कीव पर अनेक पाबंदियां लग सकती हैं।

बाइडेन ने यूक्रेन को एंटी-पर्सोनल माइंस के इस्तेमाल की भी अनुमति दी है। कहने का अर्थ यह है कि बाइडेन ने हर वो फैसला किया है जिससे युद्ध रुकने की जगह फैलेगा और जिसे समेटना ट्रम्प के लिए लगभग असम्भव हो जायेगा। साहिर ने कहा था कि टैंक आगे बढ़ें या पीछे हटें, कोख धरती की बांझ होती है, इसलिए ए शरीफ इंसानों जंग टलती रहे तो बेहतर है। दुनिया को कोई मुद्दा आज तक युद्ध के मैदान में हल नहीं हुआ है। वार्ता की मेज़ पर ही समस्या का समाधान होता है। यह बात विश्व नेताओं को कब समझ में आयेगी?

**(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं)**

# नदी गाथा : पूर्वोत्तर की जीवनधारा है ब्रह्मपुत्र

वीना गौतम

नदियां जीवनदायिनी होती हैं। नदी के किनारे ही इंसान जन्मा है और नदियों के किनारे ही दुनिया की सभी सभ्यताएं और संस्कृतियां फली फूली हैं। धरती में नदियों के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। लेकिन जलवायु परिवर्तन,बढ़ती आबादी और नदियों के प्रति आम लोगों की उदासीनता के चलते धरती में जल संकट तो गहराया ही है, अब नदियों के अस्तित्व पर भी संकट के बादल मंडरा रहे हैं। इसलिए नदियों का न केवल संरक्षण जरूरी है बल्कि हमें अपनी नई पीढ़ियों को इनके प्रति संवेदनशील बनाना भी जरूरी है ताकि इनका अस्तित्व बचा रहे और धरती में इंसानी सभ्यता और संस्कृति भी हमेशा की तरह फलती फूलती रहे। इन दूरगामी मानवीय उद्देश्यों की पूर्ति हेतु जरूरी है कि हमारे अखबार के पाठक अपनी महान नदियों के बारे में जानें,उनके आर्थिक,सांस्कृतिक और भौगोलिक महत्व को समझें और इनके प्रति संवेदनशील हों। अत: अब से हम महीने में एक बार देश की किसी एक महत्वपूर्ण नदी के बारे पाठकों को बताया करेंगे। उम्मीद है यह मासिक कालम हमारे सुधी पाठकों के लिए उपयोगी होगा। संपादक-इमेज रिफ्लेक्शन सेंटर, ब्रह्मपुत्र पूर्वोत्तर भारत की सबसे महत्वपूर्ण नदी है। इसका उद्गम तिब्बत में मानसरोवर के पास है। इसे तिब्बत में त्सांगपो कहा जाता है। भारत में यह अरुणाचल प्रदेश से प्रवेश करती है और असम होते हुए बांग्लादेश जाती है। अपनी इस यात्रा के दौरान ब्रह्मपुत्र पूर्वोत्तर भारत की कई भौगोलिक संस्कृतियों और आर्थिक भूमिकाओं को रेखांकित करती है। अरुणाचल प्रदेश पूर्वोत्तर भारत का द्वार है। इसलिए यह अरुणाचल प्रदेश की ही नहीं समूचे पूर्वोत्तर की सर्वाधिक महत्वपूर्ण नदी है। अरुणाचल प्रदेश में ब्रह्मपुत्र को सियांग कहते हैं और जब यह अरुणाचल से असम में प्रवेश करती है, तो इसका नाम ब्रह्मपुत्र हो जाता है। ब्रह्मपुत्र के रूप में ही यह बांग्लादेश में प्रवेश करती है। ब्रह्मपुत्र पूर्वोत्तर की जीवनधारा है। यह यहां के समाज और संस्कृति को गहरे तक प्रभावित करती है। ब्रह्मपुत्र के किनारे रहने वाली समस्त जातियां अपनी जीविका के साधनों के लिए ही नहीं बल्कि अपने सारे सांस्कृतिक क्रियाकलापों और कर्मकांडों के लिए ब्रह्मपुत्र पर निर्भर है। इनकी जिंदगी के हर पहलू पर यह नदी जीवन आधार की तरह शामिल रहती है। पूर्वोत्तर के लोग खेती के लिए बड़े पैमाने पर ब्रह्मपुत्र के पानी पर निर्भर हैं। इसी नदी से यहां के लोगों को बड़े पैमाने पर मछलियां और पीने का पानी भी हासिल होता है। जीवन के साधनों की तरह ही पूर्वोत्तर के लोगों को अपनी कला, संगीत और सांस्कृतिक गतिविधियों का आधार भी ब्रह्मपुत्र से हासिल होता है। नदियां हमेशा से इंसान के जीवन का मूल आधार रही हैं। दुनिया की सारी सभ्यताओं का जन्म नदियों के किनारे ही हुआ। चाहे भारत में सिंधु नदी घाटी की सभ्यता हो या मिस्र में नील नदी घाटी की सभ्यता। सब नदियों किनारे ही पनपी और फूली फली हैं। भारतीय संस्कृति में तो नदियों को मां कहकर संबोधित किया जाता है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि हमारे लिए नदियों का कितना महत्व है। जहां तक ब्रह्मपुत्र के महत्व की बात है तो 2900 किलोमीटर लंबी यह नदी हिमालय से निकलकर पूर्वोत्तर की घाटियों और मैदानों को समृद्ध बनाती है। असम के मैदानों में ब्रह्मपुत्र काफी चौड़ी हो जाती है, जिससे इसकी जलधारण की क्षमता बहुत ज्यादा बढ़ जाती है। ब्रह्मपुत्र की सहायक नदियां जैसे-लोहित, दिहांग और दिबांग, अपनी जलराशि से इसे विशाल नद में परिवर्तित कर देती हैं।

हालांकि ब्रह्मपुत्र पूर्वोत्तर में अकसर आने वाली बाढ़ का प्रमुख कारण भी बनती है, जो कई बार बहुत विनाशकारी होती है। लेकिन इसके अपने फायदे भी हैं। बाढ़ के चलते क्षेत्र में प्राकृतिक उर्वरता का संचार होता है। दरअसल बाढ़ का पानी अपने साथ तरह तरह की मिट्टी और पोषक तत्व लेकर आता है, जिससे बाढ़ के बाद बाढ़ वाले क्षेत्र बेहद उपजाऊ हो जाते हैं। असम के मैदानी क्षेत्रों में चावल, सरसों के बड़े पैमाने पर होने वाली शानदार खेती का एक कारण बाढ़ के जरिये उर्वर होने वाली मिट्टी भी है। ब्रह्मपुत्र का सिर्फ पूर्वोत्तर के संदर्भ में ही महत्व नहीं है। समूचे भारत के संदर्भ में भी इसका बहुत महत्व है। असम और अरुणाचल प्रदेश की जनजातियां इस नदी में बहुत गहरे तक समायी हुई हैं। नदी किनारे रहने वाली विशेषकर मिसिमी,निशि और बोरो जातियां ब्रह्मपुत्र को बहुत पवित्र मानती हैं। उनके सभी धार्मिक और सांस्कृतिक क्रिया कलापों में ब्रह्मपुत्र का शामिल होना जरूरी है। असम में लगने वाला विश्व प्रसिद्ध अंबुबासी मेला, कामाख्या मंदिर के परिसर में इसी नदी के तट पर लगता है। इसी तरह माघ बिहू और रोंगाली बिहू की इंद्रधनुषी छटा भी इस ब्रह्मपुत्र के तट पर बिखरती है। जैसे उत्तर भारत में गंगा नदी की पूजा होती है, वैसे ही पूर्वोत्तर में ब्रह्मपुत्र की पूजा होती है। गंगा की तरह पूर्वोत्तर के लोग ब्रह्मपुत्र को मां का दर्जा देते हैं। यहां के लोगों के सुख, दुख में गाये जाने वाले गीतों, सुनायी जाने वाली कहानियों और ध्वनित होने वाली संगीत लहरियों में ब्रह्मपुत्र नदी धड़कती है। ब्रह्मपुत्र की पूजा केवल धार्मिक भावनाओं को ही नहीं बल्कि पर्यावरण संरक्षण की भावना को भी दर्शाती है। ब्रह्मपुत्र नदी का इस्तेमाल पूर्वोत्तर में परिवहन के एक बड़े साधन के रूप में भी सदियों से हो रहा है। इसके चलते असम और अरुणाचल प्रदेश के लोग सदियों से आपस में व्यापार करते हैं और एक दूसरे के यहां सहजता से आवागमन करते हैं। हाल के सालों में भारत सरकार ने इस नदी को एक बेहतर जलमार्ग के रूप में विकसित करने के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं शुरु की हैं। ब्रह्मपुत्र नदी का भारत ही नहीं बल्कि समूचे दक्षिण एशिया के लिए अत्यधिक पर्यावरणीय महत्व है। इस नदी का जलस्तर और प्रवाह हिमालय के ग्लेशियरों पर निर्भर करता है। क्योंकि हाल के दशकों में लगातार धरती का तापमान बढ़ रहा है, इसलिए ग्लेशियरों की पिघलने की रफ्तार काफी ज्यादा है, इस कारण ब्रह्मपुत्र का जलस्तर लगभग पूरे साल ही ऊंचा रहता है। लेकिन यह चिंता का विषय भी है कि अगर इसी तरह ग्लेशियर पिघलते रहे, तो एक ऐसा समय भी आ सकता है, जब पिघलने के लिए ग्लेशियर ही न बचें, तब ब्रह्मपुत्र में पानी का अभाव होगा। ब्रह्मपुत्र देश की सबसे ज्यादा जैव विविधता से सम्पन्न नदी है। इसमें डॉल्फिन सहित दर्जनों तरह की मछलियां और दूसरे जलीय जीव रहते हैं। असम में यह नदी काजीरंगा नेशनल पार्क और मानस नेशनल पार्क जैसे विश्व धरोहर स्थलों से भी होकर बहती है। इस तरह यह नदी पूर्वोत्तर ही नहीं बल्कि समूचे भारत की धड़कन है।

विनय उजाला

**(लेखिका विशिष्ट मीडिया एवं शोध संस्थान, इमेज रिफ्लेक्शन सेंटर में कार्यकारी संपादक हैं)**

## गांवों में लग रहे आयुष्मान कार्ड, आधार अपडेशन शिविर

**बुरहानपुर, निप्र।** कलेक्टर भव्या मित्तल की पहल पर जिले में आयुष्मान कार्ड और आधार कार्ड अपडेशन शिविर लगाए जा रहे हैं। बुरहानपुर, नेपानगर, खकनार, सारोला सहित ग्रामीण क्षेत्रों में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के तहत एकीकृत स्कूल सारोला में आयुष्मान कार्ड बनाए गए। यहां कक्षा पहली से आठवीं तक के 35 विद्यार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। इस दौरान एनएनएम जयश्री दुबले, आशा कार्यकर्ता सुनीता विलास, ज्योति सुपड़ू, वैशाली पाटील, आशा सुपरवाइजर, सचिव अनिल महाजन, प्रधान पाठक आरएल निमारे आदि मौजूद थे।

# बाजार को लेकर बवाल- शाहपुर में सालों से बड़ा बाजार क्षेत्र में दुकानें लगाते हैं व्यापारी, नप ने डेढ़ किमी दूर नए बस स्टैंड पर की व्यवस्था

### महिला दुकान संचालकों ने जमकर किया विरोध, सीएमओ के चिल्लाने पर दुकानदारों ने जताया आक्रोश, समझाईश से भी नहीं बनी बात

विनय उजाला

**बुरहानपुर, निप्र। नगर परिषद शाहपुर मनमानी कर रहा है। यहां हम सालों से दुकानें लगा रहे हैं। अब दुकानें डेढ़ किमी दूर नए बस स्टैंड के पास स्थानांतरित कर दी गई है इससे हमारा सारा व्यापार चौपट हो गया है। वहां ग्राहक नहीं आ रहे हैं। ऐसे में हम आर्थिक रूप से नुकसान उठा रहे है।**

यह बात गुरूवार को शाहपुर के बड़ा बाजार में दुकान लगाने वाली उन महिला दुकानदारों ने कही जो छोटी छोटी दुकानें लगाकर अपने परिवार का पालन पोषण कर रही है, लेकिन नगर परिषद की ओर से दुकानें नए बस स्टैंड पर स्थानांतरित करने से पूरा व्यवसाय ठप्प हो गया है। अब दुकानदारों की मांग है कि हमें बड़ा बाजार में ही दुकानें लगाने दी जाए, लेकिन नगर पालिका के जिम्मेदारों का कहना है कि यहां यातायात बाधित होता है। काफी समझाईश के बाद भी दुकानदारों और परिषद के बीच तालमेल नहीं बैठा।

#### सुबह 10 बजे पुलिस लेकर दुकानें हटाने पहुंचे सीएमओ

शाहपुर में नगर परिषद ने नए बस स्टैंड पर बाजार स्थानांतरित किया है, लेकिन दुकानदारों का कहना है कि वहां व्यापार नहीं हो पा रहा है। इसलिए इस बार दुकानदारों ने षाहपुर के पुराने बाजार में ही दुकानें लगाई। गुरूवार सुबह करीब 10 बजे सीएमओ जेपी गुहा सहित टीम दुकानें हटाने पहुंची तो तो काफी देर तक उनके बीच बहसबाजी हुई। सीएमओ द्वारा महिलाओं को जोर से चिल्लाने पर भी जमकर विरोध दर्ज कराया गया। पुलिस ने भी मौके पर पहुंचकर समझाईष दी। बाद में नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विरेंद्र तिवारी ने भी



दुकानदारों से चर्चा की, लेकिन बात नहीं बनी। सीएमओ ने कहा आज शाम में एक बार फिर दुकानदारों से बैठक करेंगे। कोई न कोई हल निकाला जाएग।

इधर, हर सप्ताह बाजार में दुकान लगाने वाले दुकानदारों में पुराने स्थान से नए स्थान पर बाजार स्थानांतरित करने से आक्रोश है। दुकानदार भिका बाई ने कहा नया बाजार शाहपुर से करीब डेढ़ किमी दूर है। वहां ग्राहक नहीं आते हैं। बिक्री नहीं हो रही है। सुनंदा श्यामराव ने कहा 150-200 रूपए का भी व्यापार नहीं हो पा रहा है।

#### यातायात बाधित होता था इसलिए बाजार किया स्थानांतरित

दरअसल शाहपुर में बाजार गेट के पास लगता था, लेकिन यहां यातायात बाधित होता था इसलिए करीब पांच छह सप्ताह पहले इसे नए बस स्टैंड पर स्थानांरित किया गया है, लेकिन इससे दुकानदारों में आक्रोश है। उनका कहना है कि वहां ग्राहक नहीं आ रहे हैं। वहीं इस समस्या को लेकर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि वीरेंद्र तिवारी ने दुकानदारों के साथ बैठकर बातचीत की। मौके पर शाहपुर टीआई अखिलेश मिश्रा और टीम ने भी लोगों को समझाईश दी।

#### यातायात बाधित होता है इसलिए दुकानें दूर की

- नगर में दुकानें लगने से यहां से आवागमन में काफी दिक्कतें होती है इसलिए बाजार को बस स्टैंड के पास स्थानांतरित किया गया है। दुकानदारों से चर्चा की गई है।

**-जेपी गुहा, सीएमओ नगर परिषद शाहपुर**

## संक्षिप्त समाचार

### पेड़ की आड़ में बना लिया गार्डन, रहवासियों को आ रही दिक्कत



**बड़वानी, निप्र।** शहर की सुख विलास कॉलोनी में एक जगह मकान के पास पेड़ की आड़ में मिनी गार्डन बना लिया गया है। इसके चलते रहवासियों और आवाजाही करने वालों को दिक्कत आने लगी है। इसको लेकर रहवासी द्वारा नगर पालिका में शिकायती आवेदन सौंपा। इसके बाद सीएमओ सहित नपा अमला मौका मुआयना करने पहुंचा और संबंधित को अतिक्रमण हटाने को कहा। रहवासी राकेश बड़ोले ने कहा कि सुख विलास में महल क पीछे की ओर उनके मकान के सामने शासकीय जमीन पर एक व्यक्ति द्वारा पेड़ लगाकर गार्डन बना लिया। जिससे उनके घर के सामने आवाजाही में दिक्कत आ रही है और वाहन तक खड़े कर पा रहे है। रास्ता पहले ही संकरा है, ऐसे में गार्डन बनाकर जगह घेरने से लोगों को भी दिक्कत आ रही है। रहवासियों ने मांग की है कि उक्त स्थान पर अतिक्रमण हटाकर चौराहा बनाया जाए और हाई मास्क लगाए जाए, ताकि रात्रि के समय अंधेरे से भी निजात मिले।

### पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल बड़वानी

**बड़वानी, निप्र।** शासन के आदेशानुसार 21 नवंबर को पीएम श्री शासकीय हाईस्कूल बड़वानी में 91 विद्यार्थियों को नि:शुल्क साइकिल का वितरण जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती सुमन वर्मा, विधायक श्री राजन मंडलोई, जिला पंचायत सदस्य श्री करण दरबार, जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि श्री भूपेन्द्र गोयल, जनपद सदस्य प्रतिनिधि श्री प्रकाश बंडोड़, जिला उपाध्यक्ष श्री भागीरथ कुशवाह, पार्षद श्री गजेन्द्र सोनाने, जनपद उपाध्यक्ष पाटी श्री रणजीत वास्कले की उपस्थिति में किया गया। उक्त कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य श्री संतोष मिश्रा एवं समस्त स्टाफमौजूद रहा।

### किशोरी शक्ति योजना अंतर्गत दिया गया प्रशिक्षण



**बड़वानी, निप्र।** आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम के तहत पाटी विकासखंड में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत 10 पंचायतों में शाला त्यागी किशोरी बालिका सशक्तिकरण के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। परियोजना अधिकारी प्रकाश रंगशाही ने बताया कि इस प्रशिक्षण में चयनित पंचायतों की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं पर्यवेक्षकों को लाइफस्किल एजुकेशन पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए कार्यक्रम संचालित किया गया। मास्टर ट्रेनर यूनिसेफ़ममता शाखा के शैलेश बैरागी ने कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरियों को सशक्त बनाना और उन्हें समाज में आत्मनिर्भर बनाने के लिए आवश्यक जीवन कौशल प्रदान करना बताया। प्रशिक्षण में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को किशोरियों की मानसिक और शारीरिक स्थिति को समझते हुए उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य, और समाजिक सुरक्षा के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। इस पहल से आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पंचायत स्तर पर प्रभावी ढंग से कार्य करेंगे और शाला त्यागी किशोरियों की शिक्षा और सशक्तिकरण की दिशा में सकारात्मक बदलाव लाएंगी। प्रशिक्षण मे सेक्टर पर्यवेक्षक, एबी फेलो कुलदीप द्विवेदी, यूनिसेफ़प्रतिनिधि सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मौजूद थी।

### राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड भोपाल ने जिले की नर्सरी का निरीक्षण किया



**बड़वानी, निप्र।** राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड भोपाल द्वारा जिले की शासकीय नर्सरी बड़वानी विकास खण्ड बड़वानी, शासकीय नर्सरी चाटली वि.ख. निवाली एवं किसान मॉडल नर्सरी (निजी), बिलवारोड़ विकास खण्ड. ठीकरी का नर्सरी स्टार रेटिंग हेतु निरीक्षण किया। जिसमें निरीक्षकता डॉ. बीएनएस मुर्ती डॉ. डीके जैन उद्यानिकी वैज्ञानिक केवीके बड़वानी, कैलाश चौहान, उप संचालक उद्यान बड़वानी, गगन सिनियर हार्टिकल्चर ऑफिसर भोपाल तथा संबंधित विकास खण्ड के नर्सरी प्रभारी की उपस्थिति में संयुक्त दल द्वारा निरीक्षण किया गया।

# जिला स्तरीय अंतर महाविद्यालयीन पुरुष खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन हुआ

विनय उजाला





**बड़वानी, निप्र। प्रधानमंत्री कॉलेज आफएक्सीलेंस शहीद भीमा नायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बड़वानी में अंतर महाविद्यालयीन खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।**

उक्त आयोजन का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक जगदीश डावर एवं प्राचार्य डॉ. वीणा सत्य, जिला खेल अधिकारी रूपसिंह कलेश के द्वारा मां सरस्वती का पूजन अर्चन कर किया गया। उक्त कार्यक्रम में मॉडल कॉलेज प्राचार्य डॉ बलराम बघेल, बलवाड़ी महाविद्यालय प्राचार्य प्रो सुभाष सोलंकी, क्रीड़ा अधिकारी अविनाश वर्मा, नागेंद्र वर्मा राजेंद्र चौहान श्रीप्रेम आशीष, श्रीमती अंजूबाला जाधव, एवं जिला खेल प्रशिक्षक राजेंद्र बघेल की उपस्थिति में प्रतियोगिता संपन्न हुई। उक्त प्रतियोगिता का आयोजन क्रीड़ा अधिकारी श्री हरीश वर्मा के निर्देशन में हुआ। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रणजीत सिंह मेवाडे ने किया। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर के अंतर्गत महाविद्यालय सेंधवा एवं महाविद्यालय बड़वानी के बीच प्रथम मैच संपन्न हुआ। जिसमें महाविद्यालय बड़वानी की टीम विजेता रही। क्रांति सूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय खरगोन के अंतर्गत, महाविद्यालय बड़वानी, सेंधवा, बलवाड़ी एवं विधि महाविद्यालय बड़वानी के खिलाड़ियों ने भाग लिया। उक्त प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन संभाग स्तरीय टीम हेतु किया गया। पुलिस अधीक्षक एवं प्राचार्य ने सभी चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं प्रदान की। उक्त प्रतियोगिता में महाविद्यालय की आयोजन समितियों के सभी सदस्य सभी सदस्यों में डा. दिनेश परमार, डॉ पी एस बघेल श्री दीपक राठौड़, प्रो. सादिक एहमद शेख, डॉ. सुनीता सोलंकी डॉ. भारती महाजन प्रो. अरविंद परिहार, डा. प्रिया बघेल, प्रो. महेश खांडे, प्रो लोकेंद्र वर्मा, प्रो रितेश दासौंधी, प्रो रजत जोशी, प्रो विनोद वास्केल, डा. कनू बडोले, प्रो. पंकज बडोले, प्रो. अंकित आर्य, डॉ विनय गोरे, डॉ. महेश खांडे, प्रो. लक्ष्मण डावर डॉ. कपिल अहीरे एवं समस्त क्रीड़ा परिषद उपस्थित रही।

### आरसेटी में भोजन देने हेतु स्व-सहायता से आवेदन आमंत्रित

**बड़वानी, निप्र।** ग्रामीण विकास मंत्रालय एवं बैंक ऑफइंडिया के अंतर्गत आरसेटी बड़वानी संस्था ग्रामीण बीपीएल युवक युवतियो को पूरे वर्ष स्वरोजगार के क्षेत्र मे प्रशिक्षण प्रदान करती है। संस्था विभिन्न भोजनालय संचालन करने वाले स्व सहायता समूहों से निविदाएं 26 नवंबर शाम 5 बजे तक आमंत्रित करती है जिसके अंतर्गत प्रशिक्षुओ को प्रतिदिन नाश्ता, चाय एवं भोजन प्रदान करना है प्रतिदिन प्रशिक्षुओ की संख्या प्रशिक्षण की अवधि पर निर्भर करेगी, यह संख्या शून्य से लेकर 80 तक हो सकती है। संस्थान (अपोजिट न्यू कलेक्टोरेट सेगाँव रोड बड़वानी) में भोजन बनाने एवं बर्तनों की व्यवस्था करने एवं बाटने की व्यवस्था स्वयं स्व सहायता समूह को वहन करनी पड़ेगी। सर्विस टैक्स एवं अन्य किसी भी प्रकार का टैक्स स्व सहायता समूह को वहन करना पड़ेगा। केवल वही स्व सहायता समूह आवेदन करने की पात्रता रखते है जिन्हें विगत 2 वर्षो का अनुभव है यह अनुबंध 5 वर्ष के लिए होगा।



## श्रमदान कर अंबेडकर प्रतिमा के आसपास की साफ-सफाई

विनय उजाला

**मंडलेश्वर, निप्र।** शासन के निर्देशानुसार स्वाधीनता सेनानियों के स्मारकों की देखरेख रख रखाव एवं साफ-सफाई के लिए स्थानीय निकाय एन जी ओ एवं जनता के सहयोग से सफाई कार्य में नगर की जनता द्वारा भी सहयोग दिया गया।

नगर परिषद अध्यक्ष विश्वदीप मोयदे ने बताया की नगर परिषद द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के तहत स्वच्छता ही सेवा का संकल्प दोहराते हुए बड़वाह रोड स्थित अंबेडकर प्रतिमा स्थल की साफ सफाई की गई सफाई अभियान में जनता ने बढ़ चढ़ कर भागीदारी करते हुए श्रम दान किया। नगर परिषद के ब्रांड एंबेसेडर यशवंत सिंह तवर स्वच्छता प्रभारी महेश पटिदार प्रभारी दरोगा सलीम खान अंबेडकर ग्रुप के हरी गाडगे, सतीश चौहान, संदीप हिरवे, भोला भार्गव, अंतिम भार्गव ने श्रमदान करते हुए साफ सफाई की।

## एन.सी.सी. कैडेट्स का आरडीसी परेड में भाग लेना बड़ी उपलब्धि होती है : वीपी शर्मा

विनय उजाला



**मंडलेश्वर, निप्र।** किसी भी एन सी सी कैडेट्स का गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेना एक बड़ी उपलब्धि होता है। शासकीय महात्मा गांधी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में एन सी सी का ए सर्टिफिकेट कोर्स संचालित हो रहा है। सन 1965 से विद्यालय में एन सी सी ट्रेनिग की सुविधा है।

ग्रामीण क्षेत्र और सुविधाओ के अभाव में आज तक स्कूल का कोई भी कैडेट आर डी सी कैम्प में भाग नही ले सका ।सेवानिवृत्त एन सी सी अधिकारी वी पी शर्मा ने बताया कि आर डी सी परेड में भाग लेना एन सी सी कैडेट्स के लिए गौरव की बात होती है। लेकिन ग्रामीण क्षेत्र के कैडेट वहां तक नही जा पाते है कारण वहां भाग लेने वाले कैडेट्स का सामान्य ज्ञान और अंग्रेजी पर पकड़ होना चाहिए साथ ही सांस्कृतिक गतिविधियों में भी भागीदारी जरूरी है सरकारी स्कूलों के कैडेट इस कारण पिछड़ जाते है। एन सी सी का विस्तार जरूरी है मंडलेश्वर और महेश्वर नगर नर्मदा किनारे बसे है इसलिए यहां के स्कूलों में एन सी सी का नेवल विंग शुरू किया जाना चाहिए ।वर्तमान में नगर के चार स्कूलों में एन सी सी है। एम जी स्कूल के अलावा एक निजी स्कूल एक निजी गर्ल्स स्कूल में एन सी सी का ए सर्टिफिकेट कोर्स और एक निजी स्कूल में एयर विंग संचालित है। शासकीय महात्मा गांधी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में एन सी सी के जूनियर डिविजन में 100 कैडेट है। एन सी सी अधिकारी राकेश बारिया ने बताया की सेकंड ईयर के 42 कैडेट्स ने कैम्प अटेंड किया है जबकि दो कैडेट दिसंबर के कैम्प में ट्रेनिंग लेंगे। फर्स्ट ईयर के 56 कैडेट गर्मियों में कैम्प अटेंड करेंगे। अभी कैडेट्स को साप्ताहिक परेड में एन सी सी की ट्रेनिंग और अन्य गतिविधियां कराई जाती है। मंडलेश्वर के सामाजिक कार्यकर्ता चैतन्य पटवारी एवं दुर्गेश राजदीप ने एन सी सी के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर सौरभ जैन के मंडलेश्वर दौरे पर उनसे मंडलेश्वर की कन्या स्कूल में एन सी सी और एम जी स्कूल में नेवल विंग शुरू करने की मांग की थी।

## करियर सेल की कार्यकर्ता प्रीति गुलवानिया को मिली डॉक्टरेट की उपाधि

विनय उजाला



**बडवानी, निप्र।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शहीद भीमा नायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बड़वानी के स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ की कार्यकर्ता प्रीति गुलवानिया को लायब्रेरी एंड इन्फोर्मेशन साइंस में डॉक्टरेट अर्थात् पीएच.डी. की उपाधि प्राप्त हुई है। उन्होंने डॉ. एम. सुरेश बाबू के निर्देशन में 'ए सर्वे ऑफ़ गवर्नमेंट कॉलेज लायब्रेरिस इन निमाड़ रीजन ऑफ़ मध्यप्रदेश' विषय पर मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी, सीहोर से पीएच.डी. की है। डॉ. प्रीति गुलवानिया ने अपने अनुसंधान के अंतर्गत बड़वानी, खरगोन, खंडवा एवं बुरहानपुर जिलों को चार अग्रणी और 23 अन्य महाविद्यालयों का सर्वे किया। पिछले दस वर्षों के समंकों और वर्तमान आधारभूत संरचना, आधुनिक सुविधाओं, पुस्तकालय के प्रति विद्यार्थियों का रुझान, समस्याओं और समाधानों का अध्ययन करते हुए उन्नयन के लिए सुझाव दिए ।चार सौ पृष्ठों के विस्तृत शोध प्रबंध में सारणियों, ग्राफ्स और चित्रों के माध्यम से शोध अध्ययन के विश्लेषण प्रस्तुत किये। निमाड़ क्षेत्र की लायब्रेरिस पर पहली बार इतने व्यापक स्तर पर अध्ययन हुआ है ।डॉ. प्रीति विगत आठ वर्षों से करियर सेल के कार्यकर्ता के रूप में विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देने के लिए बिना किसी मानदेय के कार्य कर रही हैं ।मध्यप्रदेश में बड़वानी करियर सेल को प्रथम स्थान पर पहुंचाने में डॉ. प्रीति का विशिष्ट योगदान रहा। अपनी सफलता का श्रेय डॉ. प्रीति ने स्वतंत्रता सेनानी दादा नारायण चौबे के आशीर्वाद और करियर सेल के कार्यकर्ताओं के सहयोग को दिया ।उन्होंने शोध कार्य में मार्गदर्शन और सहयोग देने के लिए डॉ. जगदीश चन्द्र उपाध्याय, प्राचार्य डॉ. वीणा सत्य, डॉ. आशा साखी गुप्ता, डॉ. अभिलाषा साठे, डॉ. मीनाक्षी पंवार, डॉ. धीरज कुमार वर्मा, डॉ. अनिल पाटीदार, डॉ. विनय गोरे, डॉ. भारत सिंह चौहान, डॉ. परवेज मोहम्मद, वर्षा शिंदे, अंतिम मौर्य, वर्षा मुजाल्दे, प्रदीप बामनिया, भारती धार्वे, अंशुमन धनगर, सावन शर्मा, संजय सोलंकी, दीपक चोयल, सुनील मेहरा, दिव्या पाटिल, विप्लव शर्मा, वर्षा मालवीया, किरण वर्मा, सूरज सुल्या, सलोनी शर्मा, गोल्डी डावर, स्वाति यादव, राहुल भंडोले, अंकित काग एवं डॉ. मधुसूदन चौबे के प्रति आभार व्यक्त किया।

### बड़वानी के तीन खिलाड़ी करेंगे मध्यप्रदेश हॉकी टीम का प्रतिनिधित्व

**बड़वानी, निप्र।** बड़वानी के तीन खिलाड़ी करेंगे मध्य प्रदेश हॉकी टीम का प्रतिनिधित्व - स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित 68 वी राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता (अंडर17 बालक एवं बालिका) 22 से 28 नवंबर तक हरियाणा रोहतक में आयोजित होना है। जिसमें बड़वानी के तीन खिलाड़ी अनिल जमरे पीएम श्री हाई सेकेंडरी स्कूल बड़वानी स्नेहा मोहनिया उत्कृष्ट विद्यालय बड़वानी एवं शिवानी बामनिया जोकि राज्य महिला हॉकी अकादमी ग्वालियर में रहकर प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग शक्तिसिंह चौहान से प्राप्त जानकारी अनुसार इसके पूर्व भी तीनों खिलाड़ी मध्यप्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं, तीनों खिलाड़ियों का चयन भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता मे उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर हुआ है।



## कलश यात्रा के साथ सत्संग भागवत कथा का सातवें दिन हुआ समापन

विनय उजाला

**बलवाड़ा, निप्र।** समीप ग्राम कुरावद में सात दिवसीय सात दिवसीय भागवत कथा का आयोजन भाजपा के बड़वाह तहसील के पुर्व मंडी अध्यक्ष स्वर्गीय कमल गुर्जर की स्मृति में प्रारंभ हुआ। कमल गुर्जर के पुत्र किशोर गुर्जर ने अपने पिताजी की स्मृति में दिव्या भागवत का आयोजन ऱखा है। जिसमें व्यास पीठ पर विराजमान संत श्री ज्ञानी जी महाराज द्वारा सत्संग के साथ भागवत कथा का भक्तों को रासपान कराया गया। वही किशोर ने सभी क्षेत्र वासियों से अपील की के कथा में आप अधिक से अधिक संख्या में पधार कर भागवत कथा पुण्य प्राप्त करें। वही इसी कड़ी गुरूवार सुबह बारह बजे से विशाल भडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बलवाड़ा कुरावद पडाली हनुमत्या झाबर लालपुरा सहित क्षेत्रों के लोगों ने भोजन प्रसादी ग्रहण की।

**स्टाफ की कमी बताकर खेतों की सिंचाई के लिए नहीं छोड़ रहे पानी, किसान हो रहे परेशान**

# कठोरा उद्वहन सिंचाई परियोजना एसडीएम के निर्देश के बाद भी कम नहीं हुई परेशानी

विनय उजाला

**कसरावद, निप्र। क्षेत्र की कठोरा उद्वहन सिंचाई परियोजना शुरुआत से ही असफल रही है। केवल आसपास के खेतों तक पानी पहुंचता है। वर्तमान में रबी सीजन की शुरुआत हो चुकी है। किसानों ने खेत तैयार कर लिए हैं लेकिन स्टाफ की कमी बताकर पानी छोड़ने में देरी की जा रही है।**

किसानों का कहना है नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण विभाग स्टाफ की कमी का रोना रोकर कर्तव्य की इतिश्री कर रहा है। जबकि यह व्यवस्था संबंधित विभाग की रहती है। समय पर बुआई नहीं होने से किसानों की परेशानी बढ़ेगी। मात्र दो गांव की ही करीब 200 हेक्टेयर जमीन में किसान रबी सीजन की फसल लगाते हैं। इसके अलावा अहिल्यापुरा क्षेत्र तक भी पानी पहुंचता है। लेकिन संचालन की व्यवस्था ठीक नहीं होने से किसानों को परेशान होना पड़ रहा है। किसानों ने कहा- कपास फसल को हटाकर रबी सीजन के लिए खेत तैयार कर लिए है। क्षेत्र के 300 से अधिक हेक्टेयर में किसान पानी की राह देख रहे हैं। रबी सीजन की शुरुआत हो चुकी है। अभी उपयुक्त समय है। मौसम के अनुकूल खेतों में फसल लगाई जाती है तो आने वाले समय में बेहतर उत्पादन की संभावना रहेगी।

### खेत तैयार कर किसान पानी आने का रास्ता देख रहे

300 हेक्टेयर से अधिक भूमि में बुआई के लिए पानी का इंतजार हो रहा

### ठंड के साथ बुआई में आई तेजी, खाद की समस्या से परेशान

पिछले दो दिन से ठंड का असर बढ़ गया है। सुबह कोहरे की चादर फसलों पर देखी जा सकती है। ठंड के प्रभाव के कारण रबी सीजन की बुआई में भी तेजी आई है। वर्तमान समय में किसान दिन-रात मेहनत कर रबी बुआई में जुटे हुए हैं। सिंचाई की व्यवस्था के साथ खाद की कमी किसानों के लिए समस्या बनी हुई है।

### अन्य परियोजना का लाभ नहीं

किसान भूरेसिंह पटेल, सुरेंद्र सिसोदिया, कालू पाटीदार आदि ने कहा- कठोरा उदवहन सिंचाई परियोजना से खेतों की सिंचाई के लिए पानी अब तक नहीं छोड़ा गया है। जबकि किसान लगातार एनवीडीए से गुहार लगा रहे हैं। हालात यह है कि परियोजना से कुछ ही दूरी पर स्थित मोगावां व ब्राह्मणगांव के खेत भी रीते पड़े हुए हैं। इस योजना के कारण दूसरी कोई परियोजना इस क्षेत्र में किसानों के लिए ना तो आई है ना आगे आएगी। क्योंकि शासन के रिकॉर्ड में इस क्षेत्र के किसानों को कठोरा उद्वहन सिंचाई योजना से सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराई जा चुकी है। लेकिन जमीन हकीकत अलग है।

### निर्देशों का भी पालन नहीं

रबी सीजन को लेकर पिछले दिनों एसडीएम कार्यालय में बैठक हुई थी। संबंधित परियोजनाओं व नहरों से जुड़े अधिकारियों को निर्देशित किया गया था। इसके बाद भी किसानों की परेशानी कम नहीं हो रही है। कठोरा उद्वहन सिंचाई परियोजना के संबंध में अधिकांश किसानों का आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारी मोबाइल तक रिसीव नहीं करते। ऐसे में किसानों को कोई जानकारी भी नहीं मिल पाती है। हर बार पानी छोड़ने में समय लगाया जाता है। मेंटेनेंस का अभाव बताया जाता है। इस बार स्टाफ की कमी होने से समय पर पानी नहीं छोड़ने की बात कही जा रही है। वरिष्ठ अधिकारियों के सामने कई बार समस्या रखी।

### संबंधित विभाग को देंगे निर्देश

*किसानों की समस्या संबंधित विभाग को बताई जाएगी। पता लगाया जा रहा है कि आखिर क्यों पानी नहीं छोड़ा जा रहा है। जिम्मेदारों को सिंचाई सुविधा के लिए पानी छोड़ने के निर्देश दिए जाएंगे।*

**-सत्येंद्र सिंह बैरवा, एसडीएम**



## संक्षिप्त समाचार

### 1 लाख से की एमडी और ब्राऊन शुगर पकड़ी, 2 आरोपी गिरफ्तार



**रतलाम, निप्र।** एसपी अमित कुमार द्वारा अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ कार्यवाही के आदेश पर जिले में लागतार कार्यवाही सामने आ रही है। एएसपी राकेश खाखा एवं एसडीओपी अभिलाष कुमार भलावी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी नामली विक्रमसिंह चौहान व थाना नामली की विशेष टीम ने कार्यवाही की। टीम ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी प्रेम गिरी पिता अमर गिरी जाति गोस्वामी उम्र 43 साल निवासी ग्राम नयापुरा थाना नामली के कब्जे से ड्रग्स जप्त की। वजन 08.66 ग्राम एवं ब्राउन शुगर स्मैक पाउडर वजन 05.79 ग्राम है। कुल मादक पदार्थ 14.45 ग्राम मिला जिसकी कीमत करीब 1,03,000/-रुपए है। घटना में प्रयुक्त बाईक भी जप्त की गई है। आरोपी से पुछताछ करते आरोपी द्वारा उक्त मादक पदार्थ स्वयं के पीने के लिये एवं आधा मादक पदार्थ भोला उर्फ राहुल पिता कैलाश सूर्यवंशी निवासी नामली को देने के लिये फरदीन उर्फ अय्यूब निवासी चुपना राजस्थान से लेकर आना बताया। आरोपी भोला उर्फ राहुल पिता कैलाश सूर्यवंशी जाति चर्मकार उम्र 26 साल निवासी वार्ड क्रमांक 06 गढ के पीछे नामली जिला रतलाम को गिरफ्तार भी किया गया हैं। आरोपी फरदीन उर्फ अय्यूब निवासी चुपना राजस्थान की तलाश की जा रही हैं। मामले में विक्रमसिंह चौहान थाना प्रभारी नामली, उनि सचिन डावर, के.के. पटेल, गोपाल खराडी, शैलेष ठकराल, दीपक बोरासी, महेन्द्रसिंह, मनोज मुजाल्दे, गोपाल मदारिया, शांतिलाल, कुलदीप व्यास, मनोहर नागदा एवं सायबर सेल से प्र.आर. मनमोहन शर्मा की सराहनीय भूमिका रही।

### अभिनव पब्लिक स्कूल हरसूद में वार्षिक खेल प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ-चढकर लिया हिस्सा



**हरसूद, निप्र।** स्थानीय अभिनव पब्लिक स्कूल हरसूद में गुरुवार को विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। गुरूवार को बोरा दौड़, स्लो सायकल, लेमन रेस, रंगोली आदि प्रतियोगिताएं हुई। प्राचार्य नारायण प्रसाद शर्मा ने बताया कि बोरा दौड़ में कक्षा 12 वीं के आदित्य एवं 8 वीं के शिवम प्रथम रहे। स्लो सायकल में 6वीं की सुहानी प्रथम रहीं। बालीबॉल में कक्षा 12 वीं कॉमर्स की सागर शारदे की टीम प्रथम रही। प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका श्रीमती श्वेता साकल्ले, मंजुला शर्मा, पलक पाराशर एवं विनय गंगराड़े ने निभाई। सभी विजेताओं को संस्था अध्यक्ष विजय कुमार मंत्री, उपाध्यक्ष डॉ.शिशिर अग्रवाल,सचिव बंशीधर अग्रवाल, शिक्षा समिति अध्यक्ष डॉ डीपी अग्रवाल,कोषाध्यक्ष दीपक सोनी, सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा समिति अध्यक्ष रुपेश माहेश्वरी सहित समस्त संस्था सदस्य, प्राचार्य नारायण प्रसाद शर्मा एवं सांस्कृतिक सचिव मनीष अपूर्वा ने बधाई प्रेषित की। इस अवसर पर समस्त शाला स्टॉफएवं बडी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

### 10 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हडताल पर नगर परिषद के सफाई कर्मचारी



**हरसूद, निप्र।** अस्थाई सफाईकर्मी एवं दैनिक वेतन भोगी सफाई कर्मियों की 10 सूत्रीय मांगों को लेकर गुरूवार को नगर परिषद छनेरा-नया हरसूद के सफाई कर्मचारी अनिष्चित कालीन हडताल पर रहे। सफाई कर्मचारियों के अनिष्चित कालीन हडताल पर चले जाने के कारण गुरूवार को नगर की सफाई व्यवस्था चौपट रही। गुरूवार दोपहर अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस ट्रेड यूनियन के नगर अध्यक्ष बंटी घावरी ने बताया कि 10 सूत्रीय मांगों को लेकर सफाई कर्मचारियों द्वारा अनिश्चित कालीन हडताल की जा रही है। जब तक हमारी मांगें पूरी नहीं होती अनिष्चित कालीन हडताल जारी रहेगी। इस संबंध में सीएमओ मोनिका पारधी ने कहा कि सफाई कर्मियों की मुख्य मांग है कि हमारा ईपीएफकाटा जाए एवं कालोनियों का सीमा क्षेत्र बढने के कारण कर्मचारियों की संख्या बढाई जाए। परिषद के सारे सदस्य मिलकर उनकी मांगों पर विचार-विमर्ष करेंगे जिसके बाद निर्णय लिया जाएगा।

मां से बिछड़े बच्चे को मिलवाने के लिए वन विभाग ने की नई पहल

# तेंदुए का ढ़ाई-तीन महीने का शावक कुएं से किया रेसक्यू

विनय उजाला

**रतलाम, निप्र।** मां से बिछड़े हुए छोटे से बच्चे तेंदुए को उसकी मां से मिलवाने के लिए रतलाम के वन विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, नया प्रयास कर रहे हैं। दांत काड़ता, तीखे नाखून निकालकर कभी डरकर दूर भागता, कभी कौतुहल से पास आता नन्हा शावक जिसे देखने के लिए भी लोग आ रहे हैं। यह बच्चा बाजना क्षेत्र के गढ़ीगमना गांव के कुएं में मिला था, लेकिन उसकी मां का मूवमेंट गांव कुआंरीमाता के जंगल में मिला। इसे देखकर गुरुवार को वन विभाग शावक को पिंजरे में लेकर कुआंरी पाड़ा पंहुचा। वहां इसे रखा गया है ताकि मां के आने पर इसे पिंजरे से छोड़ दिया जाए और वह मां के साथ चला जाए। इसके पहले बाजना क्षेत्र के गांव गढ़ीगमना गांव में तेंदुए का एक नन्हा शावक मिला। मामला तब प्रकाश में आया जब बाजना तहसील मुख्यालय से करीब 8 किमी दूर स्थित गढीगमना गांव में एक बिना मुण्डेर के कुएं में ग्रामीणों ने तेंदूएं के नन्हे शावक को देखा। गांव के लक्ष्मण, विश्राम, सुनील आदि युवकों ने तेंदूएं के शावक को कुएं से बाहर निकाला। निकालने पर उन्हें एहसास हुआ कि यह तेंदुए का बच्चा है, जिसके बाद वन विभाग के अधिकारियों को इसकी सूचना दी गई। वन विभाग बाजना के प्रभारी रेंज अधिकारी आजाद कुमार नागौरिया ने मीडिया को बताया यह शावक बीती रात किसी समय इस कुएं में गिर गया होगा। सूचना मिलने पर वन विभाग के अधिकारियों ने मौके पर पंहुच कर शावक को अपने साथ ले गए। बुधवार रात में उसे कमरे में रखकर पशु चिकित्सकों ने स्वास्थ्य परीक्षण किया। बच्चा पूरी तरह स्वस्थ पाया गया।



#### मां के पास भेजने की जुगाड़

इसके बाद शावक की पशु चिकित्सक से पूरी जांच करवाई गई। चिकित्सकों के मुताबिक शावक पूरी तरह स्वस्थ है। गुरुवार सुबह वन मंडलाधिकारी रतलाम नरेश कुमार दोहरे, वन परीक्षेत्र अधिकारी आजाद कुमार नागरिया, वन परीक्षेत्र बाजना नानूराम कटारा, बीट प्रभारी रजनीकांत जोशी, अन्य स्टाफ आदि ने उसकी मां तेदुआं का मूवमेंट कुआंरीमाता में देखा और उसे मां से मिलवाने के लिए उसे पिंजरे में डालकर ले जाया गया। श्री जोशी ने बताया कि शावक बीती रात में मां के साथ घूमने के दौरान गांव के कुएं में गिर पड़ा होगा। शावक की आयु करीब तीन माह की है। पिंजरे में लंबी रस्सी बांधी गई है। अगर पिंजरे के पास मां दिखाई दी तो पिंजरा खोल दिया जाएगा।

#### बढ़ रही है तेंदूओं की संख्या

जिले के सैलाना और शिवगढ क्षेत्रों में तेंदूओं की मौजूदगी पिछले कई सालों से देखी जा रही है। बाजना इलाके में पहली बार तेंदूएं की मौजूदगी प्रमाणित हुई है। बाजना इलाके में तेंदूएं का शावक मिलने से यह स्पष्ट है कि इस इलाके में कम से कम एक नर और मादा तेंदुआ मौजूद है और मादा तेंदुए के साथ तीन चार शावक हो सकते है। सैलाना और शिवगढ क्षेत्रों में तेंदुओं की तादाद लगातार बढने के संकेत भी इससे मिलते है।

## कब्र से निकाले गए जुड़वा भाई-बहन, हत्या की आशंका

### एसपी सहित अधिकारी मौके पर पंहुचे, फोरेंसिक टीम ने भी की जांच, 4 माह के जुड़वां भाई-बहन की पानी के ड्रम में डूबने से हुई थी मौत

विनय उजाला



**रतलाम, निप्र।** शहर की मदीना कॉलोनी में 4 माह के जुड़वा भाई- बहन की पानी के ड्रम में डूबने से मौत के मामले में पुलिस ने जांच शुरू की है। मजिस्ट्रीयल आदेश के बाद दोनो बच्चों के दफना दिए गए शवों को शेरानीपुरा कब्रिस्तान से गुरुवार को पुलिस की मौजूदगी में निकाला गया। शवों का पीएम करवाने के साथ फोरेंसिक टीम भी जांच करने पंहुची। दोपहर में एसपी अमित कुमार, एएसपी राकेश खाखा, तहसीलदार ऋषभ ठाकुर भी मौके पर पंहुचे। पुलिस ने बताया कि मामला संदिग्ध है जिसके कारण जांच की जा रही है।

इसके पहले घटना मदीना कॉलोनी क्षेत्र में 20 नवंबर बुधवार दोपहर 3-00 बजे की है। बच्चों के पिता अमीर कुरैशी ने पुलिस को बताया कि उनके चार माह के दो जुड़वा बच्चे थे। एक लड़की और एक लड़का। बुधवार दिन में जब उनकी पत्नी बच्चों को लेकर धुप में पानी के ड्रम के पास खड़ी थी तभी एक बच्चा पानी के ड्रम में गिर गया। पत्नी जब उसे निकालने गई तो दूसरा बच्चा भी टंकी में गिर गया। यह देखकर पत्नी वहीं बेहोश होकर गिर गई। होश में आने के बाद पत्नी ने पति आमिर को पूरा घटनाक्रम बताया था। जब पति घर पहुंचा तो दोनों बच्चों की मौत हो चुकी थी। बाद में परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए बच्चों के शव को दफना दिया।

#### घर का किया निरीक्षण

एसपी कुमार, एएसपी खाखा, सीएसपी आदि मदीना कालोनी स्थित घटानस्थल तक पंहुचे। यहां उन्होंने घर में रखे पानी के ड्रम देखे। ऊंचाई और ड्रम का छोटा सा मुहाना देखकर प्रथम दृष्टया बच्चों का अपने-आप अंदर गिरना बेहद मुश्किल प्रतीत हो रहा है। हालांकि एसपी ने कहा कि इस बारे में पूरी जांच रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जाएगा।

#### पुलिस को सूचना पहले ही कर दिया था दफन

परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बगैर बच्चों के शव को दफना दिया था। सूत्रों से जब पुलिस को 4 माह के जुड़वा भाई-बहन की मौत की सूचना बुधवार शाम को मिली थी तब से ही पुलिस जांच में जुट गई थी। पुलिस ने जांच के लिए शवों को निकालना जरूरी था जिसके लिए एसडीएम को प्रतिवेदन दिया गया। गुरुवार दोपहर को एएसपी राकेश खाखा एवं तहसीलदार ऋषभ ठाकुर की मौजूदगी में शेरानीपुरा कब्रिस्तान से बच्चों के शव को निकाला गया। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। मौके पर मौजूद एएससपी खाखा ने बताया कि मामला संदिग्ध है। परिजनों ने बिना शव परीक्षण कराए दफना दिया था। इसलिए तहसीलदार ठाकुर की मौजूदगी में शवों को निकालकर जांच के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट के बाद आगे की कार्यवाही होगी।

## शिवगढ़ में हार्टफुलनेस संस्था की गतिविधियों का किया निरीक्षण



**रतलाम, निप्र।** उज्जैन संभाग आयुक्त संजय गुप्ता ने जिले के वन परिक्षेत्र शिवगढ़ में हार्टफुलनेस संस्था द्वारा संचालित गतिविधियों तथा सघन वन परियोजना का निरीक्षण किया।

इस दौरान कलेक्टर राजेश बाथम, जिला पंचायत सीईओ श्रृंगार श्रीवास्तव, अपर कलेक्टर डॉ. शालिनी श्रीवास्तव, एसडीएम मनीष जैन, जनपद सीईओ गोवर्धन मालवीय, संजीव रघुवंशी, डॉ. वी. शास्त्री आदि उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि हार्टफुलनेस संस्था द्वारा ग्राम शिवगढ़ में 859 हेक्टेयर क्षेत्र में सघन वन क्षेत्र निर्मित किया जा रहा है। संभागायुक्त ने क्षेत्र का भ्रमण कर हार्टफुलनेस संस्था द्वारा संचालित वानिकी एवं जल प्रबंधन कार्यों की सराहना की, इसे मॉडल प्रोजेक्ट के रूप में प्रस्तुत करने का सुझाव दिया। संभागायुक्त द्वारा वृक्षारोपण करते हुए मंगलम का पौधा रोपित किया गया।

उज्जैन संभाग आयुक्त गुप्ता ने जिले के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र जावरा तथा आलोट के मतदान केंद्रों पर पहुंचकर निर्वाचक नामावली संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य का निरीक्षण किया। बूथ लेवल अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। इस दौरान एसडीएम सुनील जायसवाल, त्रिलोचन गौड आदि उपस्थित थे।

## रॉयल कॉलेज खेल महोत्सव में छात्रों के लिये एथलेटिक्स खेलों का आयोजन



विनय उजाला

**रतलाम, निप्र।** रॉयल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स में आयोजित स्पर्धा में छात्रवर्ग के लिये अंतर कक्षाऐं एथलेटिक्स खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। रॉयल कॉलेज के विभिन्न पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत् 775 छात्रों ने विभिन्न एथलेटिक्स खेल स्पधाएं जैसे - डिक्स थ्रो, जेवेलिन थ्रो, 100 मीटर व 400 मीटर रिले रेस में भाग लिया।

डिस्क थ्रो में अरूण पाटीदार, शेख अनुशूल व नारायण धाकड़ क्रमश- प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। इस तरह जेवलिन थ्रो में कृतज्ञ पाटीदार, रेहान मंसूरी व रोहन बर्मन क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। शॉर्ट पुट (गोला फेंक) में अरूण पाटीदार, शेख अनुशूल व नारायण धाकड़ क्रमश- प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। 100 मीटर रेस में रेहान मंसूरी, राजकुमार धाकड़ व विजय चैधरी क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे तथा 400 मीटर रिले रेस में दीपक जाट, श्याम पालीवाल, दिव्यराज, विशाल सिसोदिया प्रथम, राजकुमार धाकड़, नारायण, अरबाज, मयंक द्वितीय तथा आशीष जाट, विनय जाट, पंकज अहीर, शिवम मंडलोई तृतीय स्थान पर रहे। रॉयल खेल महोत्सव के पुरूष वर्ग के समन्वयक प्रो. कपिल केरोल ने बताया कि, एथलेटिक्स खेल प्रतियोगिताओं के पश्चात रॉयल कॉलेज के छात्रों के लिये क्रिकेट, फुटबाल, बास्केटबाल एवं वालीबाल जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित हो रही है, जिनकी टीमें भी निर्धारित हो चुकी है। महाविद्यालय के प्राचार्यगण डॉ. मनीष सोनी, डॉ. प्रवीण मंत्री, डॉ. आर.के. अरोरा, डॉ. अमित शर्मा, जगदीश डूके, प्राध्यापकगण डॉ. आनन्द त्रिवेदी, प्रो. गजराज सिंह, प्रो. धर्मेन्द्र मकवाना, प्रो. शैलेन्द्र सिंह, प्रो. मृदुला उपाध्याय, प्रो. विनिता धाकड़, प्रो. नेन्सी धीमन, प्रो. गरिमा मिश्रा एवं प्रो. सुधा परिहार आदि उपस्थित रहें।

## निमाड़ संभाग का मुख्यालय खंडवा रहे एवं अन्य विकास कार्यों को लेकर खंडवा विधायक कंचन तन्वे ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

विनय उजाला



**खंडवा, निप्र।** प्रदेश शासन द्वारा खरगोन खंडवा बुरहानपुर जिले को मिलाकर निमाड़ संभाग का दर्जा दिए जाने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, निमाड़ संभाग का मुख्यालय खंडवा में रहे इस हेतु खंडवा और बुरहानपुर जिले के जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता लगातार प्रयास कर रहे हैं, भौगोलिक दृष्टि से भी खंडवा में मुख्यालय बनना उपयुक्त होगा, समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि जिला मुख्यालय खंडवा की विधायक कंचन मुकेश तनवे ने खंडवा को मुख्यालय बनाने के साथ खंडवा के विकास को लेकर कई अन्य विषयों पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री से मुलाकात कर अनुरोध पत्र सोंपा, प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि जिले में विकास कार्यों को गति प्रदान करने के लिए विधायक लगातार प्रयासरत हें, वहीं हाल ही में खंडवा, निमाड़ को संभाग बनाने का मुद्दा भी जोर पकड़ रहा है। इसे लेकर सामाजिक संगठनों, व्यापारी संगठनों, वकीलों ने मुख्यमंत्री, कलेक्टर, विधायक को पत्र सौपें थे।

इस मांग को खंडवा विधायक कंचन मुकेश तनवे ने गुरुवार को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से भेंट कर पत्र सौंपा, संभाग का मुख्यालय खंडवा बने इसके साथ ही, सुरक्षाबल प्रशिक्षण केंद्र स्थापना, दी निमाड़ यूनिवर्सिटी, निमाड़ विकास प्राधिकरण, बायपास रिंग रोड़, नागचुन ग्रोथ सेंटर, रुधी औद्योगिक क्षेत्र के डेवलपमेंट आदि विकास कार्यों की बात बात रखते हुए मुख्यमंत्री को अलग-अलग विषयों के पत्र सोंपे।

# सिंहस्थ की तैयारियों को लेकर संभाग आयुक्त और रेलवे अधिकारियों की बैठक

विनय उजाला



**रतलाम, निप्र।** उज्जैन संभाग आयुक्त संजय गुप्ता ने रतलाम भ्रमण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक रजनीश कुमार के साथ एक बैठक की। आयुक्त ने रेल अधिकारियों के साथ आगामी उज्जैन सिंहस्थ 2028 की तैयारी को लेकर चर्चा की। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा किए जाने वाले कार्यों से अवगत हुए, पावर पाइंट प्रजेंटेशन देखा।

इस दौरान कलेक्टर राजेश बाथम, अपर कलेक्टर डॉ. शालिनी श्रीवास्तव, एसडीएम अनिल भाना भी मौजूद रहे।

संभाग आयुक्त श्री गुप्ता ने उज्जैन सिंहस्थ 2028 के दौरान श्रद्धालुओं एवं रेल यात्रियों के लिए बेहतर आवागमन सुविधा, रेल सुविधाओं के विस्तार, रेलवे स्टेशंस के विकास, रेल पूलों के निर्माण, अंडरपास, बाईपास निर्माण आदि कार्यों पर रेल अधिकारियों के साथ विस्तृत विचार विमर्श किया। संभाग आयुक्त ने रेल अधिकारियों को उज्जैन सिंहस्थ श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रशासन द्वारा तैयार की गई कार्य योजना से अवगत कराया। निर्धारित रूपरेखा के अनुसार रेलवे अधिकारियों से सहयोग की बात कही। संभाग आयुक्त ने कहा कि प्रशासन सिंहस्थ 2028 के दौरान उज्जैन आने वाले श्रद्धालुओं, यात्रियों को बेहतर से बेहतर सुविधाएं देने के लिए कार्य कर रहा है। इसमें रेलवे का सहयोग जहां भी आवश्यक होगा प्राप्त किया जाएगा, रेलवे को भी जो सहयोग जरूरी होगा प्रशासन प्रदान करेगा। सिंहस्थ को लेकर बेहतर रेल कनेक्टिविटी हेतु समन्वय के साथ काम होगा। सिंहस्थ के दौरान उज्जैन में निर्बाध रेल यातायात के लिए निर्धारित रुपरेखा द्वारा कार्य किया जाएगा।

संभाग आयुक्त ने रेल अधिकारियों से उज्जैन आकर संयुक्त रूप से स्थल निरीक्षण की बात भी कहीं, अतिशीघ्र उज्जैन में संयुक्त बैठक भी आयोजित की जाएगी।


#### भूमि अधिग्रहण को लेकर हुई चर्चा

बैठक में रेल पुलों के सुधार, उज्जैन में शिप्रा ब्रिज के दोनों और वाल निर्माण, मोहनपुरा सैटेलाइट स्टेशन का विकास, सड़कों के निर्माण, अंडरपास निर्माण, सड़कों के चौड़ीकरण पर चर्चा की गई। बैठक में रतलाम जिले के धौंसवास-बांगरोद बाईपास निर्माण, आर.के.नगर-नौगांव बाईपास निर्माण पर चर्चा की गई। इसके अलावा रतलाम जिले में रेल लाइन निर्माण के अंतर्गत भूमि अधिग्रहण पर भी चर्चा करते हुए रेलवे की अपेक्षा अनुसार संभाग आयुक्त ने रतलाम के प्रशासनिक अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में रतलाम जिले से भी उज्जैन जाने वाले यात्रियों को बेहतर सुविधाएं एवं रेल नेटवर्क प्रदान करने पर चर्चा की गई। बैठक में संभाग आयुक्त ने रतलाम नीमच रेलवे लाइन गेज कन्वर्जन संबंधित समस्याओं के निराकरण के निर्देश रतलाम के प्रशासनिक अधिकारियों को दिए।

बाजार भाव

इंदौर मंडी

# चावल में जोरदार मांग



चावल में जोरदार मांग

**इंदौर (व्यापार प्रतिनिधि)।** चना आवक करीब 2000 बोरी। नीलामी 6500 - 6600 रुपए। चना मिल डिलेवरी 6650 - 6800 रुपए। डॉलर चना की आवक लगभग 4000 बोरी। नीलामी 1300 - 14000 रुपए।

**छावनी व्यापारिक मंडी ( प्रति क्विंटल)** - चना कांटा 6700 - 6750 विशाल चना 6600 - 6650 डंकी चना 5800 - 600 मसूर 6000 - 6050 मूंग एवरेज 7200 - 7700 मूंग ( गर्मी का) 8000 - 8200 उड़द ( गर्मी) बेस्ट - 8300 - 8800 एवरेज मीडियम उड़द 6500 - 7800 हल्की 3000 - 5000 तुअर निमाड़ी 8500 - 9700 रुपए क्विंटल। तिलहन - सोयाबीन 4390 - 4400 सरसों निमाड़ी बारीक 5700 - 5900 एवरेज बारीक 5500 - 5600 रुपए।

**दाल भाव (प्रति क्विंटल)** - तुअर दाल फूल 12200 - 12400 तुअर दाल सवा नंबर 11900 - 11900 चना दाल 8300 - 8400 एक्स्ट्रा बोल्ड 9500 मसूर दाल 7500 - 7550 मूंग दाल 9600 - 9700 मूंग मोगर 9600 - 9700 उड़द दाल 12500 - 13000 उड़द मोगर 12500 - 13000 रुपए।

**चावल भाव (प्रति क्विंटल)** - कोहिनूर बासमती वंड 14800 - 15300 तिबार 12400 - 12600 मिनी दुबार बासमती (921) 10300 - 10500 बासमती सैला (क्वालिटीनुसार) 6800 - 9500 रुपए।

**सियागंज थोक किराना बाजार** - सूखे मेवे (प्रति किलो) - काजू ( सभी वैरायटी) 640 - 800 काजू टुकड़ी 560 - 570 बादाम (देसी - आयातित) 680 - 790 किशमिश कंधारी 550 - 570 बेस्ट 610 - 690 रुपए किलो।

**तेल बाजार (प्रति 10 किलो)** - मूंगफली तेल इंदौर 1510 - 1520 मुबंई 1525 - 1530 गुजरात 1485 - 1490 सोया रिफाइंड तेल इंदौर 1315 - 1320 सोया सॉल्वेंट 1255 - 1270 मुंबई सोया रिफाइंड तेल 1370 - 1380 सोया डीगम (बिना टैक्स ) 1260 - 1265 इंदौर पाम ऑइल 1425 - 1430 मुंबई पाम ऑइल 1365 - 1370 गुजरात कपास्या तेल 1240 - 1245 रुपए। राजकोट तेलिया मूगंफली तेल 2370 - 2380 रुपए प्रति 15 किलो पैक।

**मावा** - 340 रुपए किलो।

**इंदौर सराफा बाजार -**
सोना 10 ग्राम 78100 रुपए।
चाँदी 92500 रुपए किलो।
चाँदी सिक्का 1125 रुपये प्रति नग।
सोना 2637 डॉलर प्रति औंस।
चांदी 3116 सेंट प्रति औंस।

## संक्षिप्त समाचार

### दो दिवसीय प्रतियोगिताओं में शामिल हुईं छात्राएं



**शाजापुर, निप्र।** किला परिसर स्थित शासकीय कन्या महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ द्वारा 20 एवं 21 नवंबर तक दो दिवसीय महाविद्यालय स्तरीय अकादमिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित की गईं। आयोजन के द्वितीय दिवस गुरुवार को कार्यक्रम की शुरुआत प्रभारी प्राचार्य डॉ पी मूंदड़ा के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित एवं माल्यार्पण कर की गई। इसके पश्चात लोकनृत्य, पोस्टर निर्माण और सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की गई। लोकनृत्य में कक्षा बीए द्वितीय वर्ष की चांदनी राजपूत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में चांदनी राजपूत प्रथम, ऋतिका सौराष्ट्रीय द्वितीय एवं राहेमिन मंसूरी तृतीय रहीं। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में जारा बी ने प्रथम, खुशबु वर्मा ने द्वितीय तथा ऋतिका सौराष्ट्रीय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर जेपी माथुर, अनिल नागर, आदित्य सक्सेना, नरेन्द्र भाटी, डॉ ऋचा सक्सेना, डॉ रितेश महाडिक़, नीतेश गुप्ता, डॉ कपिल जाटव, शंकरलाल कुशवाह, विजयसिंह विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित थीं। संचालन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ संदीपकुमारसिंह ने किया।

### जिला अस्पताल परिसर में किया पौधा रोपण



**शाजापुर, निप्र।** जिला चिकित्सालय में नवनिर्मित एमसीएच भवन एवं चिकित्सालयीन परिसर को हराभरा बनाने के उद्देश्य से चिकित्साधिकारियों द्वारा फल एवं एवं छाया हेतु लगभग 25 पौधों का रोपण किया गया। गुरुवार को आयोजित पौधा रोपण में पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी लिया गया। इस मौके पर सिविल सर्जन डॉ एमके जोशी, डॉ एसडी जायसवाल, डॉ एनसी झाला, डॉ बीएस मैना, डॉ संजय खण्डेलवाल, डॉ अजय शिवहरे, डॉ गोविन्द पाटीदार, नेहा सांवले, संतोष चौहान, प्रशांत वैद्य सहित स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे।

### संस्था प्रधानों की समीक्षा बैठक आयोजित



**शाजापुर, निप्र।** डोर-टू-डोर असाक्षर सर्वेक्षण के साथ कल 23 नवंबर 2024 से सभी विद्यार्थियों की अपार आईडी निर्माण, शतप्रतिशत छात्रवृति रजिस्ट्रेशन उपरांत छात्रवृति स्वीकृति, शतप्रतिशत यू डाइस अपडेशन, यू डाइस ड्रॉप बॉक्स क्रियान्वयन, चयनित शालाओं में राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण की विद्यार्थियों की तैयारी एवं उनके अध्ययन अध्यापन की रणनीति को लेकर जनशिक्षा केंद्र भरड़, लाहौरी, पनवाड़ी केंद्र के संस्था प्रधानों की बैठक बीआरसीसी योगेश भावसार के मार्गदर्शन में नई सडक़ स्थित सविमं शरद नगर में आयोजित की गई। बैठक में विकासखंड साक्षरता समन्वयक लोकेश राठौर ने असाक्षर सर्वेक्षण की तैयारियों के संबंध में संस्था प्रधानों का उन्मुखीकरण किया। वहीं बीएसी जगदीश भावसार ने यू डाइस ड्रॉप बॉक्स क्रियान्वयन की बिंदुवार समीक्षा की। संकुल समन्वयक एनआर पाटीदार, श्याम परमार ने सर्वे कार्य की बारीकियों से अवगत करवाया। इस अवसर पर जनशिक्षक गोरेलाल बालोदिया, आरपी भिलाला, मयंक चौरसिया सहित 80 से अधिक संस्था प्रधान उपस्थित थे।

### फंदे पर झूलता मिला मरीज का शव



**शाजापुर, निप्र।** निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती मरीज का शव नीम के पेड़ पर रस्सी के फंदे पर लटका हुआ मिला। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कमलियाखेड़ी निवासी बलराम पिता दूलेसिंह राजपूत बीमारी के चलते निजी अस्पताल में भर्ती था, लेकिन बुधवार रात वह अस्पताल से कहीं चला गया था और गुरुवार सुबह उसका शव ग्राम मूलीखेड़ा रोड पर नीम के पेड़ पर फांसी के फंदे पर झूलता हुआ मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा बनाकर शव पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल पहुंचाया।

### नि:शुल्क चर्मरोग शिविर संपन्न



**देवास, निप्र।** पूज्य सिंध हिन्दू पंचायत देवास व सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में स्व.कैलाश राजानी की पुण्यतिथि स्मृति में विशाल नि:शुल्क चर्मरोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ समाज अध्यक्ष अनिल पंजवानी एवं समस्त कार्यकारिणी सदस्यो के आतिथ्य में स्व.कैलाश राजानी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर द्वीप प्रज्जलित कर हुआ। सुप्रसिद्ध चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ तृषिता राजानी द्वारा शिविर में आये मरीजो का चेकअप कर नि:शुल्क दवाएं वितरित की। शिविर में सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया के मनोज राजानी एवं सिंधी महिला मंडल अध्यक्ष दिव्या (सोनी) आहूजा पार्षद एवं सभी समाजजन उपस्थित रहे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी संजय तलरेजा ने दी।

# बच्चों के लिए बनाए थे कड़ी चावल... चावल कच्चे थे, कड़ी से आ रही थी दुर्गंध...

## मध्याह्न भोजन के नाम पर बच्चों की सेहत से खिलवाड़, कई बार शिकायतों के बाद पंचनामा बना लेकिन नहीं सुधरा बच्चों का भोजन

विनय उजाला

**सतवास, निप्र। मध्याह्न भोजन के नाम पर बच्चों की सेहत के साथ खिलवाड किया जा रहा हैं। गुरुवार को बच्चों को भोजन में कडी चावल परोसा गया था, लेकिन चावल अधपके ही रह गए, जो कडी बच्चों के भोजन में पहुंची वो दुर्गंध मार रही थी।**



खराब खाने को बच्चों ने नहीं खाया। पालकों की शिकायत के बाद बच्चों का भोजन चेक करने नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि सहित अन्य लोग पहुंचे थे। जनसेवकों ने मौका पंचनामा बनाया, लेकिन सवाल यह भी है कि ये व्यवस्था कब सुधरेगी..? पहले भी खराब भोजन परोसा गया, उसकी शिकायतें हुई, पंचनामा बना लेकिन हुआ कुछ नहीं। बच्चों की सेहत के साथ खिलवाड जारी हैं। गुरुवार को बच्चों ने हंगामा कर दिया। खराब भोजन परोसा गया तो बच्चों ने मध्याह्न भोजन करने से साफ साफ मना कर दिया। जानकारी के अनुसार पिछले चार साल से मध्यान्ह भोजन में लापरवाही की जा रही है। बच्चों को घटिया भोजन दिया जा रहा हैं। शिकायतें पहले भी की गई लेकिन हर बार पंचनामे बनाने के बाद कहानी खत्म हो जाती हैं। जो खाना बच्चों को परोसा जाता है वो मीमांसा समूह बनाता हैं। समूह द्वारा नगर परिषद सतवास नगरीय क्षेत्र के शासकीय विद्यालयों में भोजन का वितरण किया जाता हैं। ये समूह कभी भी बच्चों को मीनू के अनुसार भी भोजन नहीं देता हैं। भोजन का मीनू ठेकेदार तय कर लेता हैं। जो ठेकेदार की मर्जी होगी वो ही भोजन बच्चों को मिलता हैं। गुरुवार को नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि सतनाम सिंह बग्गा, उपाध्यक्ष सुमित पलाश्या, पार्षद प्रतिनिधि अयूब खा बनारसी, भाजयुमो महामंत्री योगेश शर्मा ने बच्चों ओर पालकों की शिकायत पर विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया की बच्चों को कड़ी चावल दिए गए। निरीक्षण दल को चावल कच्चे मिले, जिन्हें ठीक तरीके से पकाया नहीं गया। वही कड़ी में दुर्गंध आ रही थी। जो बच्चों के खाने योग्य नहीं थी। तुरंत जनशिक्षक को मौके पर बुलाकर पंचनामा बनवाया गया। वही बच्चों के लिए नाश्तें की व्यवस्था करवाई गई। बच्चों ओर विद्यालय की शिक्षिकाओं ने बताया कि आए दिन घटिया भोजन समूह द्वारा दिया जा जाता हैं। रोटी भी कच्ची पक्की आती है। जिला पंचायत सीइओ को भी मध्यान्ह भोजन की अनियमिता की जानकारी दी गई, जिस पर सीआईओ हिमांशु प्रजापत द्वारा कार्यवाही का आश्वाशन दिया गया। पालक और पार्षदों ने बताया की यदि सीईओ समय रहते कार्यवाही नहीं करते है तो मंगलवार को जन सुनवाई में पहुंच कर कलेक्टर के सामने घटिया खाने की शिकायत रखेंगे।



# राजस्व महाअभियान 3.0 अंतर्गत राजस्व कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करें अधिकारी : कलेक्टर

विनय उजाला

**शाजापुर, निप्र।** सभी राजस्व अधिकारी राजस्व महाअभियान 3.0 अंतर्गत नक्शा तरमीम, आधार से आरओआर खसरा लिंकिंग, फार्मर रजिस्ट्री सहित अन्य राजस्व गतिविधियों के कार्यों को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करें। उक्त निर्देश कलेक्टर ऋजु बाफना ने गुरुवार को राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक में दिए। इस मौके पर अनुविभागीय अधिकारी शुजालपुर अर्चना कुमारी, अपर कलेक्टर भुरलासिंह सोलंकी, सहायक कलेक्टर शिवम यादव, अनुविभागीय अधिकारी शाजापुर मनीषा वास्कले, गुलाना सत्येन्द प्रसादसिंह सहित एसएलआर, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार मौजूद थे। कलेक्टर ने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि 15 दिसम्बर तक आयोजित होने वाले राजस्व महाअभियान 3.0 अंतर्गत राजस्व गतिविधियों के कार्यों को समयसीमा में पूर्ण करें। उन्होने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि बटवारा, नक्शा तरमीम, आधार से आरओआर खसरा लिंकिंग, फार्मर रजिस्ट्री सहित अन्य राजस्व कार्यों को प्रति दिवस पटवारियों को लक्ष्य निर्धारित कर पूर्ण कराएं। साथ ही उन्होने ग्राम पंचायतों में भ्रमण करने तथा राजस्व कार्यों की समीक्षा करने के लिए भी निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने बैंक वसूली एवं अन्य विभागों से प्राप्त आरआरसी प्रकरणों की वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए। प्रधानंत्री किसान सम्मान निधि एवं मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत किसानों की केवायसी पेंडिंग को समाप्त करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान उन्होने न्यायालयवार नामांतरण, बटवारा एवं सीमांकन, सायबर तहसील के तहत प्राप्त न्यायालयवार प्रकरणों, रीडर लॉगिन पर लंबित आरसीएमएस प्रकरणों, भू राजस्व एवं अन्य सभी मदों की मांग वसूली, मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना, पीएम किसान सम्मान निधि की समीक्षा की। कलेक्टर ने स्वामित्व योजना अंतर्गत सहित अन्य बिन्दुओं की विस्तारपूर्वक समीक्षा कर राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए।



# विश्व मछुआ दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

विनय उजाला

**शाजापुर, निप्र।** विश्व मछुआ दिवस पर जिला कार्यालय मत्स्य एवं जनपद पंचायत शुजालपुर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

सहायक संचालक मत्स्य किशोर महाजन ने बताया कि भारत सरकार द्वारा एनएफडीपी पोर्टल पर मछुओं का पंजीकरण किया जा रहा है। पंजीयन के लिए शाजापुर मत्स्य विभाग एवं शुजालपुर जनपद में विशेष पंजीयन कैंप का आयोजन किया गया। मत्स्य कृषकों को प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजनाओं की जानकारी दी गई। वहीं एनएफडीपी पोर्टल पर अधिक से अधिक पंजीयन हो सके, इसलिए शिक्षित मछुआ युवाओं को जिला सीएससी मैनेजर राकेश शर्मा द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। शुजालपुर जनपद में मुकेश केवट के प्रयासों से 100 से अधिक मछुआ पंजीयन किए गए।

# समग्र ई-केवायसी के लंबित प्रकरणों का किया जा रहा निराकर

## जिले में 15 दिसंबर तक संचालित होगा राजस्व महाअभियान 3.0, अभियान लंबित राजस्व प्रकरणों का होगा निराकरण

विनय उजाला

**देवास, निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राजस्व महा-अभियान-1 और 2 की सफलता के बाद राजस्व महा-अभियान 3.0 को 15 दिसम्बर तक चलाने के निर्देश दिये हैं। राजस्व महा-अभियान 3.0 में लंबित राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा।



राजस्व विभाग के लंबित राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण और राजस्व अभिलेख त्रुटियों को ठीक किया जायेगा। अभियान के तहत देवास जिले में भी राजस्व महाअभियान संचालित किया जा रहा है, जिसमें नामांतरण, बंटवारा, अभिलेख दुरूस्ती, समग्र ई-केवायसी के लंबित प्रकरणों का निराकरण किया जा रहा है। राजस्व महाअभियान में अपने प्रकरणों का निराकरण होने पर आवेदक बहुत खुश है तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को धन्यवाद दे रहे हैं। महा-अभियान में राजस्व न्यायालयों में नामांतरण, बंटवारा, अभिलेख दुरुस्ती, सीमांकन के लंबित प्रकरणों का निराकरण, नये राजस्व प्रकरणों को राजस्व न्यायालयों में दर्ज कराना, नक्शे पर तरमीम, पीएम किसान का सैच्युरेशन, आधार का आरओआर से लिंकिंग, परम्परागत रास्तों का चिन्हांकन, फार्मर रजिस्ट्री और स्वामित्व योजना का क्रियान्वयन सुनिश्चित करना शामिल है। अभियान में समय-सीमा पार कर चुके नामांतरण प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करते हुए नवीन दर्ज प्रकरणों का भी समय-सीमा में निराकरण किया जायेगा। साथ ही उत्तराधिकार नामांतरण के अंतर्गत ग्राम के पटवारी द्वारा बी-1 का वाचन कराया जाकर ऐसे व्यक्तियों की सूची तैयार की जायेगी, जिनकी मृत्यु हो चुकी है। उसके अनुसार प्रकरण दर्ज कर फौती नामांतरण की कार्रवाई होगी। इसी प्रकार बंटवारा प्रकरणों के लंबित प्रकरणों का निराकरण और नवीन दर्ज प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा। राजस्व महा-अभियान में 6 माह की अवधि से लंबित सभी प्रकार के अभिलेखों के शुद्धिकरण के प्रकरणों का निराकरण भी सुनिश्चित होगा। राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं कि महा-अभियान में आरसीएमएस पर दर्ज लंबित सीमांकन प्रकरणों का त्वरित निराकरण और नवीन प्रकरणों को दर्ज कर निराकृत करें। महा-अभियान में धारा-131 के तहत मान्यता प्राप्त सड़क, रास्ते, सार्वजनिक भूमियों का चिन्हांकन भी किया जायेगा।

# भव्य रूप से तैयार है सीहोर बस स्टैंड क्षेत्र में बजरंग मंदिर

शरद शर्मा

**सीहोर।** नगर में भव्य रूप से बना बस स्टैंड क्षेत्र में भगवान बजरंगबली का मंदिर जिसमें कलआई बाहर से राम दरबार की मूर्तियों का सीहोर नगर में आगमन हुआ यह मंदिर भव्यता के साथ पूर्ण रूप से संपूर्ण आकर ले चुका है राजस्थान से आए हुए कारीगर द्वारा इसको निर्मित किया गया है।



सभी समाजसेवी द्वारा इस मंदिर में अपना-अपना योगदान देकर एवं कटारे बाबा के मार्गदर्शन में इस मंदिर का भाव निर्माण पूर्ण होने का कार्य निरंतर जारी है भगवान हनुमान जी की मूर्ति यहां पर विराजमान है अब राम दरबार के साथ में बाबा हनुमान जी की मूर्ति यहीं पर विराजमान की जाएगी एवं भव्य रूप से बना इस मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा का जो कार्यक्रम है वह हनुमान जयंती के लगभग प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम संपूर्ण किया जाएगा।

यह प्रेरणा बाबा को अपने पिताजी द्वारा दी गई जिसमें बाबा ने अभी तक कई मंदिरों का जन्म उधर कर और आज भी आसपास के क्षेत्र में मंदिरों का निर्माण जारी है सीहोर नगर में ही चार मंदिरों का निर्माण कराया जा रहा है एवं आसपास के क्षेत्र में भी एक समाज सेवा की ओर से धार्मिक कर में बाबा हमेशा आगे रहते हैं एवं जो भी कार्य होता है मंदिर निर्माण से लेकर इसमें अपने आप में जो भी कर सकते हैं उसकी रूपरेखा बनाकर इस और इतना भी समय हो इस मंदिर निर्माण में निरंतर लगाते रहते हैं बाबा का उदेश इस सनातन धर्म को आगे ले जाना ही पूर्ण रूप से यह बाबा की सोच है।

# पंजाब के शैरगढ दंगल आयोजन में हुआ सम्मान

विनय उजाला

**देवास, निप्र।** पंजाब प्रांत के जिला लुधियाना के शैरगढ में बाबा फ्लाई दीपा बाबाजी द्वारा आयोजित महाकुम्भ दंगल 21 नवम्बर के आयोजन में लियाकत हुसैन मिलन देवास को विशेष ट्रॉफी भेंट कर सम्मानित किया गया। दंगल आयोजन में देश के नामवर पहलवानों का मुकाबला हुआ, हजारों की संख्या में कुश्ती दर्शक मौजूद रहे। पंजाब के शैरगढ में सम्मानित करने पर लियाकत हुसैन मिलन ने आयोजन समिति का आभार व्यक्त किया।



**23 नवंबर को सुबह 8 :00 बजे से आरंभ होगी मतगणना, मतगणना के लिए 02 कक्षों में लगाई जाएगी 14-14 टेबलें**

# बुधनी विधानसभा उपचुनाव की मतगणना की तैयारियां पूर्ण

विनय उजाला

**सीहोर, निप्र। बुधनी विधानसभा उप निर्वाचन-2024 की मतगणना शनिवार, 23 नवम्बर को सुबह 8 बजे से महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज सीहोर में आरंभ होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह ने जानकारी दी कि मतगणना की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।**



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह ने बताया कि बुधनी विधानसभा उप चुनाव की मतगणना के लिए दो कक्षों में 14-14 टेबल लगाई गई हैं। पोस्टल बैलट की गिनती के लिए एक टेबल पृथक होगा। मतगणना का कार्य कुल 112 मतगणना कर्मी संपादित करेंगे। उन्होंने बताया कि मतगणना स्थल पर त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था होगी।

### बुधनी विधानसभा की मतगणना के लिए लगाई जाएंगी 14-14 टेबल्स

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह ने जानकारी दी कि बुधनी विधानसभा उप निर्वाचन की मतगणना शासकीय महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय सीहोर में होगी। विधानसभा क्षेत्र के 363 मतदान केन्द्रों में मतदाताओं द्वारा ईवीएम में डाले गये मतों की गणना के लिए 02 कक्षों में 14-14 टेबल्स लगाई जाएंगी। एक टेबल पोस्टल वेलेट की गिनती के लिए पृथक से लगाया जाएगा। मतगणना 13 राउंडस् में सम्पन्न कराई जाएगी।

### मतगणना स्थल पर रहेगी त्रि-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था

मतगणना स्थल पर त्रि-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। केवल अधिकृत प्राधिकार पत्र प्राप्त व्यक्ति ही प्रवेश कर सकेंगे। कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति मतगणना सेंटर में प्रवेश नहीं कर सकेगा। मतगणना कर्मियों का त्रि-स्तरीय रेण्डमाईजेशन होगा।

### गणना व्यवस्था

बुधनी विधानसभा उपचुनाव की मतगणना 112 मतगणना कर्मी संपादित करेंगे। मतगणना हॉल में प्रत्येक मतगणना टेबल पर एक काउंटिंग सुपरवाईजर, एक काउंटिंग असिस्टेंट, एक काउंटिंग स्टॉफ तथा एक माइक्रो ऑब्र्जवर रहेगा। समुचित संख्या में गणनाकर्मी मतगणना सम्पन्न कराएंगे।

### मतगणना हॉल के भीतर यह सामग्री ले जा सकेंगे

मतगणना हॉल के भीतर पासधारी अभ्यर्थी,निर्वाचन अभिकर्ता, मतगणना अभिकर्ता को कोरा कागज, मतपत्र लेखा प्रारूप 17 सी भाग-1 की प्रति,रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा प्रदाय किए गए ईवीएम और वीवीपैट की सूची जो विभिन्न मतदान केन्द्रों में प्रयोग में लाई गई है तथा प्लास्टिक पेन या पेंसिल ले जाने की अनुमति रहेगी।

### यह सामग्री रहेगी प्रतिबंधित

मतगणना हॉल में मोबाइल फोन, आईपैड, लैपटॉप,स्मार्ट वॉच, कैमरा, अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, बीड़ी,सिगरेट और गुटखा प्रतिबंधित रहेगा। किसी को भी मतगणना हॉल में मोबाइल ले जाने की अनुमति नहीं होगीद्ध केवल आरओ, एआरओ, काउंटिंग सुपरवाइजर जो ईटीपीबीएमएस/इनकोर से जुडे हैं, वे केवल इनकोर ओपन करने के लिए ओटीपी हेतु मोबाइल ले जा सकेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### ऊर्जा मंत्री तोमर 22 जुलाई को सफाई मित्रों को सहायक उपकरण सौंपेंगे

**भोपाल, निप्र।** ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर 22 नवम्बर को ग्वालियर में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। श्री तोमर इस दिन प्रातः 10 बजे कांचमिल कम्युनिटी हॉल में आयोजित कार्यक्रम में नगर निगम के सफाई मित्रों को सहायक उपकरण व सामग्री का वितरण करेंगे। इसके बाद दोपहर 12 बजे शहर के वार्ड-4 में स्थित विक्टर स्कूल के सामने वाली गली मेवाती मोहल्ला में लगभग 12 लाख रूपए से अधिक लागत की सीसी रोड़ का भूमि-पूजन करेंगे।

### भारतीय वन सेवा के दो अधिकारी स्थानांतरित

**भोपाल, निप्र।** राज्य शासन द्वारा भारतीय वन सेवा के दो अधिकारियों को प्रशासकीय हित में स्थानांतरित किया गया है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्य प्राणी) श्री व्ही.एन. अम्बाडे मुख्यालय भोपाल को प्रबंध संचालक म.प्र. राज्य वन विकास निगम, भोपाल (प्रतिनियुक्ति पर) और प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वित्त एवं बजट) श्री शुभरंजन सेन को प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्य प्राणी) मुख्यालय, भोपाल स्थानांतरित किया गया है।

### मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी में उर्दू पाण्डुलिपियां 10 दिसम्बर तक आमंत्रित

**भोपाल, निप्र।** मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी संस्कृति परिषद के द्वारा वर्ष 2024-25 उर्दू पाण्डुलिपियों के प्रकाशन एवं प्रकाशन के लिये आर्थिक सहायता देने के लिये मध्यप्रदेश के साहित्यकारों एवं शायरों से अपनी उर्दू पाण्डुलिपी 10 दिसम्बर 2024 तक मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी, मुल्ला रमूजी संस्कृति भवन, बाणगंगा रोड भोपाल में आमंत्रित की गई है। मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी संस्कृति परिषद के निदेशक डॉ. नुसरत मेहदी ने बताया कि पाण्डुलिपी के साथ मध्यप्रदेश के मूल निवासी का प्रमाण-पत्र भी संलग्न करना अनिवार्य है। पुस्तक प्रकाशन एवं प्रकाशन के लिये आर्थिक सहायता देने के लिये कमेटी निर्णय अंतिम होगा।

### महिला कांग्रेस की नवनियुक्त कार्यकारी अध्यक्ष श्रीमती नूरी खान ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पदभार ग्रहण किया



**भोपाल, निप्र।** अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की अध्यक्ष श्रीमती अलका लांबा द्वारा मध्यप्रदेश के उज्जैन की युवा, संघर्षषील और ऊजार्वान श्रीमती नूरी खान को मध्यप्रदेश महिला कांग्रेस का कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। वहीं नूरी खान को मध्यप्रदेश में महिला कांग्रेस की सदस्यता के लिए भी प्रदेश का प्रभारी बनाया गया है। नवनियुक्त महिला कांग्रेस की कार्यकारी अध्यक्ष श्रीमती नूरी खान ने आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पहुंचकर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव प्रदेश प्रभारी जितेन्द्र सिंह, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी सहित प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात कर आशीर्वाद प्राप्त किया और पदभार ग्रहण किया। श्रीमती नूरी खान के महिला कांग्रेस का कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर कांग्रेस नेता सर्वश्री मप्र विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष एन.पी. प्रजापति और पूर्व उपाध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री कांतिलाल भूरिया, मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक, पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, मप्र कांग्रेस के उपाध्यक्ष राजीव सिंह, विधायक आरिफ मसूद और विधायक महेश परमार सहित अन्य कांग्रेस पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करते हुये महिला कांग्रेस संगठन को और अधिक मजबूत कर महिला सशक्तिकरण के माध्यम से महिलाओं में उर्जा, चेतना, जागृति और कांग्रेस के प्रति जोड़ने के लिए सशक्त भूमिका का निर्वहन करने की अपेक्षा व्यक्त की।

### राज्य स्तरीय कौशल प्रदर्शनी का आयोजन 22 को

**भोपाल, निप्र।** समग्र शिक्षा अभियान (सेकेण्ड्री एजुकेशन) द्वारा स्टार्स परियोजना अंतर्गत राज्य स्तरीय कौशल प्रदर्शनी का आयोजन राजधानी भोपाल के शिवाजी नगर स्थित शासकीय सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय में किया जा रहा है। प्रदर्शनी का शुभारंभ 22 नवम्बर शुक्रवार को प्रातः 10:30 बजे आयुक्त लोक शिक्षण श्रीमती शिल्पा गुप्ता, संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र श्री हरजिंदर सिंह करेंगे। उल्लेखनीय है कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश के 2383 विद्यालयों में प्रति विद्यालय 2 ट्रेड की नवीन व्यावसायिक शिक्षा दी जा रहीं है। इसमें 14 ट्रेड जैसे आईटी-आईटी.ई.एस., प्राइवेट सिक्योरिटी, एग्रीकल्चर, अपैरल, बैंकिंग एण्ड फाइनेंस सर्विसेज, रिटेल, हेल्थ केयर, इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड हार्डवेयर, ब्यूटी एण्ड वेलनेस, प्लंबिंग, ऑटोमेटिव, टूरिज्म एण्ड हॉस्पिटिलिटी, फिजिकल एजुकेशन एवं मीडिया एण्ड एन्टरटेनमेंट आदि में 30 जॉबरोल का शिक्षण एवं प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इसी कड़ी में स्टार्स परियोजना के तहत नवीन व्यावसायिक शिक्षा संचालित इन 2383 विद्यालयों में विद्यार्थियों की प्रतिभा को दर्शाने, उद्यमशीलता की भावना को बढ़ाने एवं उनके कौशल विकास के प्रोत्साहन के लिये विद्यालय स्तर, जिला स्तर और राज्य स्तर पर कौशल प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है।

---

मुख्यमंत्री इंदौर सिम्बायोसिस स्किल यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में हुए शामिल

# 'यही समय है, सही समय है' : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

विनय उजाला

**इंदौर, निप्र। इंदौर की सिम्बायोसिस स्किल यूनिवर्सिटी के 6वें दीक्षांत समारोह में सीएम डॉ मोहन यादव शामिल हुए। यहां उन्होंने यही समय है, सही समय है का मूल मंत्र देते हुए समारोह को संबोधित किया।**

उन्होंने कहा कि भले ही आज किताबी ज्ञान पूरा हो गया हो, लेकिन दीक्षांत के बाद स्वाध्याय, मनन और चिंतन का सिलसिला सतत् जारी रहना चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बदलते दौर में भारत में कई उल्लेखनीय कार्य हो रहे हैं।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि नई पीढ़ी



तकनीकी रूप से दक्ष बने और देश के विकास के साथ-साथ समग्र मानव समाज के कल्याण में भी योगदान दे।

#### हमें अपनी क्षमता और दक्षता को शिखर पर पहुंचाना हैं

इज़राइल का उदाहरण देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि तकनीकी ज्ञान के बल पर इज़राइल ने कई चुनौतियों पर विजय पाई है। हमें भी अपनी क्षमता और तकनीकी दक्षता को शिखर तक पहुंचाना होगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ नैतिकता और संस्कार भी आवश्यक हैं। नैतिकता हमेशा सर्वोपरि होती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उपाधि प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, लेकिन सिम्बायोसिस समूह, जिसने तकनीकी दक्षता और तकनीकी क्षेत्र में विश्वविद्यालय स्थापित किया है, इसका योगदान और भी सराहनीय है।

---



### प्रदेश की पहली मेडिसिटी के भूमि पूजन से पूर्व उपमुख्यमंत्री का श्री मंगलनाथ मंदिर दर्शन

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने प्रदेश की पहली मेडिसिटी के भूमि पूजन में शामिल होने से पहले श्री मंगलनाथ मंदिर पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने मंदिर में पूजा-अर्चना की और मंगलनाथ भगवान से प्रदेश की समृद्धि और सुख-शांति की कामना की।

भूमि पूजन से पहले मंगलनाथ भगवान से प्रदेश की समृद्धि की कामना की। भूमि पूजन के पहले उपमुख्यमंत्री ने मंदिर में भात पूजन कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया। उन्होंने मंगलनाथ भगवान को भात अर्पित कर प्रदेशवासियों के लिए खुशहाली और विकास की प्रार्थना की। इस अवसर पर उन्होंने राज्य की आर्थिक स्थिति और जनता की भलाई के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया।

## भोपाल में ड्रग कानून प्रवर्तन के लिए चौथा राष्ट्रीय सम्मेलन शुरू

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो (बीपीआर एण्ड डी) के तत्वावधान में केंद्रीय पुलिस प्रशिक्षण अकादमी (सीएपीटी), भोपाल में ड्रग कानून प्रवर्तन के लिए चौथे राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के पूर्व डीजीपी और सीबीआई के पूर्व निदेशक ऋषि कुमार शुक्ला मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

अपने उद्घाटन भाषण में श्री शुक्ला ने नार्को समन्वय केंद्र (एमसीओआरडी) कार्यक्रम के तहत आयोजित इस दो दिवसीय कार्यक्रम के महत्वपूर्ण महत्व पर जोर दिया। उन्होंने डिजिटल युग में ड्रग तस्करी द्वारा उत्पन्न बहुआयामी चुनौतियों का सामना करने के लिए कानून प्रवर्तन, नियामक निकायों और संबंधित संगठनों के प्रमुख हितधारकों को एकजुट करने में सम्मेलन की




भूमिका पर प्रकाश डाला। अकादमी के निदेशक श्री अनिल किशोर यादव, आईपीएस ने सम्मेलन की थीम, डार्क वेब, क्रिप्टोकरेंसी और मनी लॉन्ड्रिंग-ड्रग तस्करी की चुनौतियों का त्रिकोण और व्यापक रोकथाम और पुनर्वास की आवश्यकता का परिचय दिया। उन्होंने बताया कि कैसे ये डिजिटल चुनौतियाँ ड्रग तस्करी की जटिलता को बढ़ाती हैं और रोकथाम, पुनर्वास और प्रवर्तन के लिए सहयोगी, कार्रवाई योग्य रणनीतियों के महत्व पर जोर दिया। सम्मेलन सचिव श्री बीके शर्मा, एसपी/सहायक निदेशक ने प्रतिभागियों का स्वागत किया और सम्मेलन में विविध प्रतिनिधित्व पर प्रकाश डाला। उपस्थित लोगों में बीएसएफ, तटरक्षक बल, सीआईएसएफ, एसएसबी, एनसीबी, असम राइफल्स, आरपीएफ, सीबीआई, एनआईए, आईबी, एसपीजी, डीआरआई, एनएसीआईएन, ईडी और एफआईयू जैसे प्रमुख संगठनों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं, साथ ही राज्य एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) भी शामिल हैं। अन्य प्रमुख प्रतिभागियों में भारत के नारकोटिक्स आयुक्त, यूएनओडीसी, अग्रणी गैर सरकारी संगठन और संबद्ध संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हैं। सम्मेलन में विशेषज्ञ प्रस्तुतियाँ और संवादात्मक चर्चाएँ होंगी, जो नशीली दवाओं की तस्करी में डार्क वेब, क्रिप्टोकरेंसी और मनी लॉन्ड्रिंग के उपयोग जैसी उभरती चुनौतियों पर केंद्रित होंगी। सत्रों का उद्देश्य मजबूत अंतर-एजेंसी सहयोग को बढ़ावा देना और समग्र दृष्टिकोण विकसित करना है जो प्रवर्तन को पुनर्वास और रोकथाम के साथ एकीकृत करता है। यह सम्मेलन नशीली दवाओं की तस्करी और इसके सामाजिक प्रभाव से निपटने के लिए एक व्यापक और एकीकृत रणनीति को बढ़ावा देते हुए नशीली दवाओं के कानून प्रवर्तन में उभरती चुनौतियों का समाधान करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य करता है।

---

## गैर परंपरागत स्रोतों से ऊर्जा उत्पादन में प्रदेश रहेगा अग्रणी : मंत्री शुक्ला

**ऊर्जा विकास निगम ने दो संस्थाओं के साथ किए एम.ओ.यू. हस्ताक्षरित**

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने कहा है कि गैर परंपरागत स्त्रोतों से ऊर्जा उत्पादन के सतत् प्रयास किये जा रहे है। उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में प्रदेश नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी बनेगा। गुरूवार को मंत्रालय में मंत्री श्री शुक्ला की उपस्थिति में भारतीय स्टेट बैंक के सीजीएम एमपी/सीजी हेड श्री चंद्रशेखर शर्मा और नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री मनु श्रीवास्तव के बीच एम.ओ.यू. हस्ताक्षरित हुआ। इसके अतिरिक्त नवकरणीय ऊर्जा विभाग के अधिकारियों ने आईडी इनसाईट के साथ भी एक एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर किये।

भारतीय स्टेट बैंक एवं म.प्र. ऊर्जा विकास निगम लि. के मध्य एम.ओ.यू. भारतीय स्टेट बैंक के साथ प्रदेश के ऊर्जा विकास निगम द्वारा एम.ओ.यू. करने का लाभ कृषकों एवं विकासकों को मिलेगा। प्रदेश में सौर ऊर्जा उत्पादन में वृद्धि होगी। प्रधानमंत्री कुसुम योजना कुसुम 'ए' एवं कुसुम 'सी' के किसानों/विकासकों को ग्रामीण क्षेत्रों में 33/11 केव्ही विद्युत उप-केंद्रों पर सौर परियोजनाएं स्थापित करने के लिये सरलता से बैंक ऋण प्राप्त होगा। मुख्यालय स्तर पर एकल खिड़की प्रणाली की इस व्यवस्था से कृषकों/विकासकों को ऋण प्राप्त करने की प्रक्रिया सरल होगी। इससे परियोजनाएं शीघ्र स्थापित हो सकेंगी। एम.ओ.यू. साइन होने से कृषक/विकासक प्रोत्साहित होंगे।



#### आईडी इनसाईट एवं म.प्र. ऊर्जा विकास निगम लि. के मध्य एम.ओ.यू.

नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग और आईडी इनसाईट कंपनी के बीच भी गुरूवार को एएक अन्य एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर किये गये। इस एम.ओ.यू. के नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग की परियोजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन करने में मदद मिलेगी। इससे विभाग को कम खर्चे में परियोजनाओं की तकनीकी और आर्थिक साध्यता और उसके क्रियान्वन में सहयोग प्राप्त होगा। एम.ओ.यू. के हस्ताक्षरित होने के बाद सौर रूफ-टॉप योजना को प्रभावी तरीके लागू करने में मदद मिलेगी।

### मध्यप्रदेश में पहली बार जंगली हाथी की रेडियो कॉलरिंग

भोपाल, निप्र। उमरिया जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व क्षेत्र के एक नर जंगली हाथी को 20 नवम्बर को सफलतापूर्वक सेटेलाइट रेडियो कॉलर पहनाया गया। रेडियो कॉलर पहनाने के बाद जंगली हाथी को बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के परिक्षेत्र ताला की बीट दमना के कक्ष क्रमांक 332 में छोड़ा गया। जंगली हाथी के रेडियो कॉलरिंग के समय बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व क्षेत्र संचालक, सहायक संचालक, वन्यप्राणी स्वास्थ्य अधिकारी, डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के श्री साकेत भाले, डॉ. शुभांकर, डब्ल्यूसीटी के डॉ. प्रशांत देशमुख और विशेषज्ञ उपस्थित रहे। अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्य जीव श्री एल. कृष्णमूर्ति ने बताया कि मध्यप्रदेश में पहली बार जंगली हाथी की रेडियो कॉलरिंग की गई है। उन्होंने बताया कि यह हाथियों के विचरण, व्यवहार और आवास के क्षेत्र के अध्ययन में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। उल्लेखनीय है कि उक्त जंगली हाथी को 2 मार्च 2024 को वन परिक्षेत्र जयसिंह नगर, उत्तर शहडोल की बीट वन चाचर से रेस्क्यू किया गया था।

## समर्थन मूल्य पर ज्वार, बाजरा की खरीदी आज से : गोविंद सिंह राजपूत

**खाद्य मंत्री का किसानों से आग्रह, निर्धारित समय पर उपार्जन केन्द्रों पर पहुंचकर ज्वार और बाजरा की बिक्री करें**

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि खरीफ विपणन मौसम 2024-25 के लिये न्यूनतम समर्थन मूल्य पर ज्वार, बाजरा की खरीदी 22 नवंबर से शुरू की जा रही है। खरीदी 20 दिसम्बर तक की जायेगी। ज्वार मालदण्डी का 3421 रूपये, ज्वार हाईब्रिड का 3371 रूपये और बाजरा का समर्थन मूल्य 2625 रुपये है। किसानों से एफएक्यू गुणवत्ता की उपज इन्हीं दरों पर उपार्जित की जायेगी।



मंत्री श्री राजपूत ने बताया है कि उपार्जन प्रत्येक सप्ताह के सोमवार से शुक्रवार तक होगा। उन्होंने किसानों से आग्रह किया है कि निर्धारित समय पर उपार्जन केन्द्रों पर पहुंचकर ज्वार और बाजरा की बिक्री करें। उल्लेखनीय है कि बाजरा के लिये 9 हजार 854 और ज्वार के लिये 5 हजार 933 किसानों ने पंजीयन कराया है।

#### ऐसे होगी भुगतान की व्यवस्था

समर्थन मूल्य पर ज्वार एवं बाजरा की खरीदी के बाद भुगतान, कृषक पंजीयन के दौरान आधार नम्बर से लिंक बैंक खाते में किया जायेगा। ज्वार एवं बाजरा उपार्जन अवधि के दौरान पड़ोसी राज्यों से उपार्जन केन्द्र पर लायी जाने वाली उपज की अवैध बिक्री को रोकने के लिये समुचित कार्रवाई के निर्देश कलेक्टर्स को दिये गये हैं। जिला स्तरीय समिति उपार्जन संबंधी सभी विवादों का अंतिम निराकरण तथा उपार्जित खाद्यान्न की गुणवत्ता की निगरानी करेगी। राज्य स्तर पर एक कंट्रोल-रूम भी स्थापित किया गया है। इसका टेलीफोन नम्बर 0755-2551471 है। उपार्जन अवधि में कंट्रोल रूम सुबह 9 से शाम 7 बजे तक संचालित रहेगा।

---

**गोवा में चल रहे भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में म.प्र. टूरिज्म बोर्ड का नॉलेज सेशन**

# देश का सर्वश्रेष्ठ फिल्म अनुकूल राज्य है मध्यप्रदेश : प्रमुख सचिव शुक्ला

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा गोवा में चल रहे 55वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) का गोवा में सहभागित कर प्रदेश में फिल्म शूटिंग संभावनाओं का प्रचार किया।**

प्रमुख सचिव पर्यटन व संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव और टूरिज्म बोर्ड के प्रबंध संचालक शिव शेखर शुक्ला व अपर प्रबंध संचालक सुश्री बिदिशा मुखर्जी द्वारा फिल्म निर्माता, निर्देशक, अभिनेता व उद्योग से जुड़े हितधारकों से चर्चा कर प्रदेश में फिल्म परियोजनाओं की शूटिंग हेतु आंमत्रीत किया। फिल्म महोत्सव के दौरान टूरिज्म बोर्ड द्वारा गुरुवार को एक नॉलेज सेशन आयोजित किया। लाइट्स, कैमरा, सहयोग: मध्यप्रदेश में फिल्मांकन के लिए सरकार और उद्योग साझेदारी% श्रृंखला में प्रमुख सचिव शिव शेखर शुक्ला सहित फिल्म निर्देशक श्री अमर कौशिक, आमिर खान प्रोडक्शंस की सीईओ सुश्री अपर्णा पुरोहित, अभिनेता श्री अभिषेक बनर्जी, अभिनेता सुश्री नितांशी गोयल, अभिनेता श्री स्पर्श श्रीवास्तव और अभिनेता-निर्माता सुश्री वाणी टीकू त्रिपाठी ने अपने विचार व्यक्त किये। इस दौरान प्रमुख सचिव श्री शुक्ला ने प्रदेश में फिल्म शूटिंग को प्रोत्साहित करने और राज्य को एक प्रमुख फिल्म निर्माण गंतव्य के रूप में स्थापित करने के उद्देश्य से म.प्र. फिल्म टूरिज्म पॉलिसी के विभिन्न बिंदुओं से अवगत कराया। प्रमुख सचिव श्री शुक्ला ने कहा, मध्य प्रदेश को 2017 और 2020 के लिये दो बार फिल्म अनुकूल राज्य का राष्ट्रीय पुरस्कार जीतने पर गर्व है। प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, जीवंत वन्य जीवन और पवित्र आध्यात्मिक स्थलों से राज्य के विविध स्थान एक प्राकृतिक फिल्म सेट का रूप देते है। उन्होंने हाल ही में शूट की गई फिल्मों व वेब सीरिज (स्त्री-2, भूल भुलैया-3, लापता लेडीज, पंचायत, महारानी, गुल्लक आदि) के उदाहरण देकर राज्य की लोकप्रियता का उल्लेख किया। उन्होंने राज्य सरकार की ओर से फिल्म निर्माताओं को दी जाने वाली आर्थिक सहायता का विवरण दिया और शूटिंग की मंजूरी के लिए सिंगल-विंडो क्लीयरेंस जैसी सरल और पारदर्शी प्रक्रिया की जानकारी दी। श्री शुक्ला ने बताया कि, प्रदेश के ऐतिहासिक स्थलों, राष्ट्रीय उद्यानों, और ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंच आसान है। उक्त क्षेत्रों में सभी आवश्यक सुविधाएं जैसे बिजली, इंटरनेट, और परिवहन की व्यवस्था उपलब्ध है। शूटिंग के दौरान स्थानीय प्रशासन और समुदाय का पूर्ण सहयोग मिलता है। उन्होंने कहा कि, देश में फिल्म शूटिंग के लिए म.प्र. की पहचान सस्ती और सुविधाजनक गंतव्य के रूप में है। प्रमुख सचिव श्री शुक्ला ने फिल्म निर्माताओं से राज्य की लोकेशन पर फिल्म शूटिंग के लिए प्रस्ताव लाने का आग्रह किया और प्रशासन द्वारा शूटिंग में हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। नॉलेज सेशन में फिल्म निर्माताओं ने मध्य प्रदेश की फिल्म टूरिज्म पॉलिसी की सराहना की। कई प्रोडक्शन हाउस ने राज्य में भविष्य की परियोजनाओं के लिए रुचि दिखाई।




#### फिल्म टूरिज्म पॉलिसी 2.0 जल्द : प्रमुख सचिव शुक्ला

सेशन में प्रमुख सचिव श्री शुक्ला ने जानकारी दी कि, देशभर के फिल्मकारों, फिल्म उद्योग से जुड़े विशेषज्ञों व हितग्राहियों से मिले सुझावों के आधार पर म.प्र. फिल्म टूरिज्म पॉलिसी में बदलाव किये जा रहे हैं। फिल्म टूरिज्म पॉलिसी 2.0 को जल्द जारी किया जाएगा। जो राज्य में फिल्म शूटिंग को और अधिक प्रोत्साहित करने के लिए तैयार की गई एक नवीन और समग्र नीति होगी। इसका उद्देश्य फिल्म निर्माताओं को अतिरिक्त सुविधाएं और प्रोत्साहन प्रदान करना है ताकि मध्यप्रदेश को भारत का शीर्ष फिल्म निर्माण स्थल बनाया जा सके। अंतर्राष्ट्रीय फिल्म निर्माताओं को आकर्षित करना, राज्य के अनछुए पर्यटन स्थलों को बढ़ावा देना, स्थानीय समुदाय और युवाओं को रोजगार के अवसर सृजित करने के लिये पॉलिसी में बदलाव किये जा रहे है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, विनय मिश्रा द्वारा मृणाल पब्लिकेशंस, 13, प्रेस कॉम्पलेक्स, ए.बी. रोड, इन्दौर से मुद्रित एवं 194 रेडियो कालोनी इन्दौर से प्रकाशित। संपादक श्रीमती शोभना मिश्रा, प्रबंध संपादक व्ही. के. मिश्रा *,
फोन- फैक्स नं. 0731-2700552, मो. 9425910888, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा) *पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। डॉक पंजीयन क्रमांक एमपी/आईडीसी/1359/2014-16, RNI. Reg. MPHIN/2009/35176.